हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 14, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 12 जुलाई, 2023 दिन बुधवार गाजीपुर/वाराणसी

## सोनभद्र में ओबरा डी के नाम से 800 मेगावाट के लगेंगे दो पावर प्लांट

### यूपी कैबिनेट ने दी मंजूरीः लोगों को मिलेगी सस्ती बिजली

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लखनऊ के लोकभवन में हुई कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में सोनभद्र में ओबरा डी नाम से 800 मेगावाट के दो पावर प्लांट लगाने का निर्णय लिया गया है जिसमें यूपी सरकार और एनटीपीसी की 50-50 प्रतिशत की हिस्सेदारी होगी। इस परियोजना का पहला यूनिट 50 महीने और दूसरा यूनिट 56 महीने में बनकर तैयार होगा। जिसमें कुल 17985 करोड़ रुपये की लागत आएगी। बताया जा रहा है कि प्लांट लगने के बाद एक



रुपये प्रति यूनिट सस्ती बिजली उपभोक्ताओं को मिलेगी। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि बैठक में रामपुर में रामपुर-शाहबाद-बाजपुर मार्ग पर कुल 57. 592 किलोमीटर सड़क के चौड़ीकरण और सुंदरीकरण का प्रस्ताव मंजूर किया गया है। मां विध्यवासिनी कॉरिडोर में विस्तारीकरण, सुंदरीकरण योजना के तहत पार्सल 1, 2, 2अ 3, 3ए, 4, 5 में जनसुविधा के निर्माण के लिए अतिरिक्त भूमि अधिग्रहण एवं निर्मित भवनों के ध्वस्तीकरण, मलबा निस्तारण का प्रस्ताव मंजूर किया गया है। रानीपुर टाइगर रिजर्व चित्रकूट के निकट पर्यटन विकास के लिए भूमि अधिग्रहण का प्रस्ताव मंजूर किया गया है। भारत सरकार द्वारा ०मिशन वात्सल्य योजना (पूर्व नाम बाल संरक्षण योजना) की नवीन गाइडलाइन को अंगीकार करने का प्रस्ताव मंजूर किया गया है।

## विधायकों के साथ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से मिले राजभर



लखनऊ। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने मंगलवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात की। मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में राजभर ने कहा कि हमारी मुलाकात विकास कार्यों को लेकर हुई है। इसके पहले डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से भी मिल चुका हूं। लोकसभा चुनाव में भाजपा से गठबंधन करने को लेकर राजभर ने कहा कि इसका फैसला अगस्त-सितंबर में भाजपा नेताओं के साथ बैठक करने के बाद लिया जाएगा। जुलाई में सुभासपा की बैठकें शुरू हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि सुभासपा सात अक्तूबर को पटना में होने वाली रैली में गठबंधन का एलान करेगी। राजभर ने कहा कि हमें दिल्ली की नहीं यूपी की राजनीति करनी है। उन्होंने सपा से गठबंधन पर कहा कि सुभासपा का गठबंधन सपा से ही नहीं बसपा और कांग्रेस से भी नहीं टिक सकता। उन्होंन सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि वो केवल खुद को सही मानते हैं। वो नहीं चाहते कि उनके अलावा प्रदेश में कोई दूसरा पिछड़ा नेता आगे बढ़े। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि राजभर व उनके विधायक हमारे पास विकास योजनाओं पर चर्चा करने के लिए आए थे। राजभर के राजग में शामिल होने पर उन्होंने कहा कि समय आने पर जो हमारे साथ आना चाहता है वो आ जाएगा।

## बैठकों तक सीमित न रहें, राज्यों की मदद करे केंद्र सरकार : मायावती

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि देश के कई राज्यों में बाढ़ व भारी बारिश से हालात बेकाबू हो गए हैं। ऐसे में केंद्र सरकार सिर्फ आकलन करने और बैठकों के दौर से आगे बढ़कर राज्यों की मदद करे। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि यूपी सहित देश के अधिकतर राज्यों में भारी बारिश व बाढ़ के कारण आम जनजीवन काफी प्रभावित है। काफी जान-माल व पशुधन की हानि हुई है। शहरों का बुरा हाल है किन्तु ग्रामीण इलाकों में लोगों के मकान गिरने व फसल की व्यापक बबार्दी आदि के कारण हालात काफी गंभीर व चिन्ताजनक है। ऐसे विकट हालात में सभी संबंधित राज्य सरकारें पीड़ितों हर प्रकार से मदद के लिए पूरी ईमानदारी के साथ अपनी जिम्मेवारी को निभाएं। केन्द्र की सरकार को भी आकलनों व बैठकों आदि से आगे बढ़कर राज्यों की मदद के लिए तत्काल आगे आना जरूरी है। यह बसपा की मांग है। उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में भारी बारिश को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ और जलभराव से राहत के लिए अफसरों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सोमवार को अफसरों के साथ प्रदेश में अतिवृष्टि व बाढ़ से बचाव के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की।

## उत्तराखंड में कुदरत का कहरः रौद्र रूप दिखा रहीं नदियां, भूस्खलन ने लील ली 7 जिंदगियां

उत्तराखंड। उत्तराखंड में लगातार हो रही बारिश के बाद पहाड़ से लेकर मैदान तक कुदरत का कहर बरप रहा है। पहाड़ी इलाकों में नदी नाले उफान पर आए हैं। गंगा, अलकनंदा, काली और बीन नदी उफान पर हैं। वहीं, भूस्खलन ने कई जिंदगियां लील लीं। उत्तरकाशी में पांच, रुद्रप्रयाग में एक और विकासनगर में दो लोगों की भूस्खलन के चलते मौत हो गई। उधर, मैदानी इलाके बारिश के बाद जलमग्न हो गए हैं। मौसम विभाग ने आज भी प्रदेशभर में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है।



खासकर, कुमाऊं के जनपदों में भारी बारिश होने की चेतावनी दी है। बुधवार को भी प्रदेश में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। भारी बारिश के चलते पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन और पहाड़ी से पत्थर गिरने, स्लिप और कई जगह बरसाती गदेरों के सक्रिय होने के कारण सड़कें अवरुद्ध हो रही हैं। बीते 24 घंटे में कुल गंगोत्री-यमुनोत्री और बदरीनाथ-केदारनाथ हाईवे समेत 302 सड़कें बंद हुई हैं। देर रात गंगोत्री हाईवे बंद होने के कारण यात्रियों के वाहन गंगनानी के समीप खड़े थे। तभी अचानक भूस्खलन हो गया और पहाड़ी से भारी मात्रा में मलबा एक टेम्पो ट्रेवल्स सहित तीन वाहनों पर गिर गया। मलबे में तीन वाहन दब गए। जिसमें एक महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई। बदरीनाथ हाईवे पर कंचन गंगा में पहाड़ी से मलबा व बोल्डर गिरने से सड़क बह गई। जिससे हाईवे बंद हो गया है। जिसके चलते बदरीनाथ धाम जाने वाले श्रद्धालु को पुलिस प्रशासन ने सुरक्षित स्थानों पर रोक दिया।

कई घंटे की मशक्कत के बाद हाईवे खोला गया जिससे यात्रियों को निकाला गया। चीन सीमा क्षेत्र के जोशीमठ-मलारी हाईवे पर जुम्मा में पुल बह गया। जिस कारण सीमा क्षेत्र में स्थानीय लोगों के साथ ही सेना के जवानों की आवाजाही भी रुक गई है। साथ ही नीति घाटी का देश दुनिया से संपर्क टूट गया है। हरिद्वार में लगातार हो रही बारिश से अब गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने लगा है। गंगा चेतावनी रेखा से महज 20 सेंटीमीटर नीचे बह रही है। डीएम ने गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए नदी तट के आस-पास रहने वाले लोगों को सतर्क रहने के निर्देश जारी किए हैं।

देहरादून शहर में दोपहर बाद हुई भारी बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बारिश के कारण कई क्षेत्रों में सड़कें और चौक-चौराहे तालाब जैसे नजर आए। प्रेमनगर क्षेत्र में भारी मात्रा में पहाड़ी से पानी सड़क पर आ गया। जिससे लोगों में अफरा तफरी मच गई। कालसी क्षेत्र के कोटा-डिमोऊ में तुनिया के पास सड़क पर बोल्डर आने से वाहन उसकी चपेट में आ गया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई।

## टमाटर-मिर्च की माला पहनकर पहुंचीं कांग्रेस विधायक, वंदे मातरम गीत पर हंगामा

भोपाल। मध्य प्रदेश की 15वीं विधानसभा के अंतिम और मानसून सत्र का आगाज हंगामे से हुआ। वंदे मातरम गीत के दौरान कांग्रेस ने आदिवासियों पर हो रहे अत्याचारों का मामला उठाया और नारेबाजी की। गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस ने वंदे मातरम गीत का अपमान किया है। वहीं, विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने कहा कि वंदे मातरम गीत सत्र के शुरू में होता है। कांग्रेस ने गीत से पहले जो हंगामा किया, वह दुखद है। विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम के सदन में पहुंचते ही कांग्रेस विधायक बाला बच्चन, सज्जन सिंह वर्मा और कांतिलाल भूरिया आदिवासी मुद्दे पर चर्चा कराने को लेकर मांग करने लगे। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पहले वंदे मातरम हो जाने दीजिए, इसके बाद चर्चा होगी। इसके बाद कांग्रेस विधायक शांत हुए। वंदे मातरम का गायन हुआ। संसदीय कार्य मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी संसदीय परंपराओं को तोड़ रही है। वंदे मातरम का अपमान



कर रही है। सदन में वंदे मातरम का गायन समय पर नहीं होने दे रही है। हालांकि, नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने कहा कि जब कांग्रेस विधायकों ने सदन में आदिवासी मुद्दे पर चर्चा कराने को लेकर मांग की तब वंदे मातरम का गायन शुरू ही नहीं हुआ था। जब वंदे मातरम का गायन शुरू ही नहीं हुआ था तो फिर संसदीय कार्य मंत्री किस तरह से आरोप लगा रहे हैं कि कांग्रेस विधायकों ने वंदे मातरम का अपमान किया। वंदे मातरम के गायन के बाद विधानसभा अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष ने नेताओं के निधन का उल्लेख किया। सदन ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट मौन रखा। फिर विधानसभा की कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई। रैगांव की कांग्रेस विधायक कल्पना वर्मा टमाटर और मिर्च से बनी माला पहनकर सदन पहुंचीं। उन्होंने कहा कि "हर तरफ बहनें परेशान हो रही हैं। मैं सरकार की योजना का विरोध करती हूं। टमाटर और सब्ज़ियों के बढ़ते दामों से जनता परेशान है। ऐसी योजनाओं का कोई फायदा नहीं है।" इस पर नगरीय विकास और आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि "सिर्फ मध्य प्रदेश में ये थोड़ी ना महंगा है। राजस्थान में आपकी सरकार है।

## नेपाल में लापता हेलीकॉप्टर का मिला मलबा, 5 लोगों के शव बरामद

काठमांडू। नेपाल में छह लोगों को लेकर जा रहे लापता हेलीकॉप्टर का मलबा मिल गया है। खोजी दल ने पांच शव बरामद किए हैं। इस हेलीकाप्टर में पांच विदेशी नागरिक सवार थे, जो मैक्सिको के थे। कोशी प्रांत पुलिस के डीआइजी राजेशनाथ बस्तोला ने एएनआई को बताया कि हेलीकॉप्टर लिखु पीके ग्राम परिषद और दुधकुंडा नगर पालिका-दो की सीमा पर पाया गया है, जिसे आमतौर पर लामाजुरा डांडा कहा जाता है। ग्रामीणों ने पांच शवों को निकाल लिया है। नेपाल नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर में सवार लोगों की सूची जारी की। हेलिकॉप्टर में एक नेपाली और 5 मैक्सिकन लोग सवार थे। बस्तोला ने बताया कि ऐसी संभावना है कि हेलीकॉप्टर पहाड़ी की चोटी पर किसी पेड़ से टकरा गया है। उन्होंने कहा कि बरामद किए गए शवों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (टीआईए) के प्रबंधक ज्ञानेंद्र भुल ने कहा कि मनांग एयर हेलिकॉप्टर 9N-AMV सुबह 10:04 बजे सोलुखुम्बु जिले के सुरके हवाई अड्डे से काठमांडू के लिए रवाना हुआ। हालांकि, सुबह 10:13 बजे 12,000 फीट से



अधिक की ऊंचाई पर अचानक इसका संपर्क टूट गया। नेपाल के नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने ट्वीट कर बताया कि हेलीकॉप्टर में छह व्यक्ति सवार थे, जिसमें से पांच यात्री और एक कैप्टन थे। खोज और बचाव के लिए एल्टीट्यूड एयर हेलीकॉप्टर को काठमांडू से रवाना किया गया है।

## तीन दिन बाद निकली धूप, पर अभी राहत नहीं, नदियां उफान पर, फाजिल्का के लिए अलर्ट जारी

चंडीगढ़। पंजाब में लगातार तीन दिन की बारिश के बाद मंगलवार को धूप निकली तो लोगों ने राहत की सांस ली। सूबे में लगातार हो रही बरसात से हालात बिगड़ गए थे। पंजाब पुलिस ने राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीमों के साथ मिलकर सोमवार को राज्य के बाढ़ प्रभावित जिलों में बचाव और जल निकासी अभियान चलाया। पंजाब के पाकिस्तान से लगते फाजिल्का समेत कई इलाकों के लोगों के लिए प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। फाजिल्का के डीसी सेनू दुग्गल का कहना है कि हिमाचल और पंजाब में हो रही बारिश से राज्य की नदियां उफान पर हैं। प्रशासन द्वारा हरिके हेड वर्क्स से 2 लाख क्यूसेक और हुसैनीवाला हेड वर्क्स से एक लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। डीसी का कहना है कि शाम तक यह पानी फाजिल्का के गांवों में पहुंच जाएगा। ऐसे में लोगों को बचाने के लिए जिला प्रशासन ने राहत कैंप स्थापित किए हैं। उन्होंने



लोगों से अपील की है कि अपना कीमती सामान लेकर राहत शिविरों में पहुंचे। वहां पर प्रशासन ने सारा इंतजाम किया हुआ है। महिला, बच्चों और बुजुर्गों के लिए सारा इंतजाम रहेगा। राज्य के सबसे अधिक प्रभावित जिलों में एसएएस नगर, रूपनगर, फतेहगढ़ साहिब, जालंधर ग्रामीण और पटियाला शामिल हैं। जलभराव और निकासी के साथ-साथ बचाव कार्यों के लिए एनडीआरएफ की 15 टीमें और एसडीआरएफ की 2 इकाइयां तैनात की गई हैं। इसके अलावा, रूपनगर, पटियाला, फतेहगढ़ साहिब, फिरोजपुर, जालंधर, एसबीएस नगर, एसएएस नगर और पठानकोट सहित जिलों में नागरिक प्रशासन की मदद के लिए सेना की 12 टुकड़ियों को भी बुलाया गया है। जालंधर देहात की सब डिवीजन शाहकोट के गांव मुंडी चोलियां में अपनी बाइक को बचाते समय 24 साल का युवक बाढ़ के पानी में डूब गया। युवक की पहचान शाहकोट के रहने वाले अर्शदीप के रूप में हुई है। लोगों ने बाइक तो बाहर निकाल ली, लेकिन युवक का अभी तक पता नहीं चल पाया है। युवक को डूबे 12 घंटे हो गए, मगर उसका कोई सुराग नहीं मिला है।

## मुस्लिम वर्ल्ड लीग के महासचिव ने भारत की तारीफों के बांधे पुल, कहा- यहां के ज्ञान का मानवता में योगदान

नई दिल्ली। मुस्लिम वर्ल्ड लीग के महासचिव शेख डॉक्टर मोहम्मद बिन अब्दुलकरीम अल-इस्सा भारत आए हुए हैं। उन्होंने मंगलवार को विविधता में एकता के लिए भारत की प्रशंसा की। इस्सा ने कहा कि भारतीय मुसलमानों को अपनी राष्ट्रीयता और संविधान पर गर्व है। गौरतलब है, डॉ. मोहम्मद बिन अब्दुलकरीम अल-इस्सा भारत के नई दिल्ली में आए हुए हैं।



मंगलवार को एनएसए अजीत डोभाल की मौजूदगी में उन्होंने एक कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान इस्सा ने भारत की, जबकि डोभाल ने इस्सा की गहरी समझ की तारीफ की। अल-इस्सा ने आगे कहा कि हम एक साझा उद्देश्य के साथ विभिन्न घटकों और विविधता तक पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि हमने भारतीय ज्ञान के बारे में बहुत सुना है। हम जानते हैं कि भारतीय ज्ञान ने मानवता में बहुत बड़ा योगदान दिया है। इसके अलावा हमारा एक ही उद्देश्य है कि एक साथ शांतिपूर्वक रहें। उन्होंने आगे कहा कि भारत में रहने वाले मुस्लिम अपनी नागरिकता और देश के संविधान पर गर्व महसूस करते हैं। वहीं, एनएसए अजीत डोभाल ने कहा कि मुस्लिम वर्ल्ड लीग के महासचिव का संदेश स्पष्ट है कि यदि हम सद्भाव और शांति से रहते हैं। डोभाल ने इस्सा की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि इस्लाम के बारे में इस्सा की गहरी समझ, दुनिया के धर्मों और अंतर-धार्मिक सद्भाव की दिशा में निरंतर प्रयासों, सुधारों के मार्ग पर लगातार आगे बढ़ने के साहस ने इस्लाम को बेहतर समझने में सराहनीय योगदान दिया है। साथ ही, चरमपंथी और कट्टरपंथी विचारधाराओं को युवा दिमाग पर हावी होने से भी रोका है।

## भारत में गरीब घटेः 15 वर्षों के दौरान 41.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले, यूएन की रिपोर्ट में किया गया दावा

नई दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को कहा कि भारत में 2005-2006 से 2019-2021 के दौरान महज 15 साल के भीतर कुल 41.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले। यह बात वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) के नवीनतम अपडेट में कही गई है। इसे संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के ऑक्सफोर्ड गरीबी और मानव विकास पहल (ओपीएचआई) की ओर से जारी किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार भारत सहित 25 देशों ने 15 वर्षों में अपने वैश्विक एमपीआई मूल्यों (गरीबी) को सफलतापूर्वक आधा कर दिया, यह आंकड़ा इन देशों में तेजी से प्रगति को दशार्ता है। इन देशों में कंबोडिया, चीन, कांगो, होंडुरास, भारत, इंडोनेशिया, मोरक्को, सर्बिया और वियतनाम शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2023 में भारत 142.86 करोड़ लोगों की आबादी के साथ चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया। रिपोर्ट में कहा गया, 'भारत में विशेष रूप से गरीबी में उल्लेखनीय कमी दिखी। यहां 15 वर्षों (2005-06 से



2019-21) की अवधि के भीतर 41.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले। रिपोर्ट बताती है कि गरीबी से निपटा जा सकता है इसके अनुसार हालांकि कोविड-19 महामारी की अवधि के दौरान व्यापक आंकड़ों की कमी से तात्कालिक संभावनाओं का आकलन करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ा। भारत में 2005-2006 से 2019-2021 के दौरान 41.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले। 2005-2006 में जहां गरीबों की आबादी 55.1 प्रतिशत थी वह 2019-2021 में घटकर 16.4 प्रतिशत हो गई। 2005-2006 में भारत में लगभग 64.5 करोड़ लोग गरीबी की सूची में शामिल थे, यह संख्या 2015-2016 में घटकर लगभग 37 करोड़ और 2019-2021 में कम होकर 23 करोड़ हो गई। रिपोर्ट के अनुसार भारत में सभी संकेतकों के अनुसार गरीबी में गिरावट आई है। सबसे गरीब राज्यों और समूहों, जिनमें बच्चे और वंचित जाति समूह के लोग शामिल हैं ने सबसे तेजी से प्रगति हासिल की है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में पोषण संकेतक के तहत बहुआयामी रूप से गरीब और वंचित लोग 2005-2006 में 44.3 प्रतिशत थे जो 2019-2021 में कम होकर 11.8 प्रतिशत हो गए। इस दौरान और बाल मृत्यु दर 4.5 प्रतिशत से घटकर 1.5 प्रतिशत हो गई। रिपोर्ट के अनुसार जो खाना पकाने के ईंधन से वंचित गरीबों की संख्या भारत में 52.9 प्रतिशत से गिरकर 13.9 प्रतिशत हो गई है। वहीं स्वच्छता से वंचित लोग जहां 2005-2006 में 50.4 प्रतिशत थे उनकी संख्या 2019-2021 में कम होकर 11.3 प्रतिशत रह गई है। पेयजल के पैमाने की बात करें तो उक्त अवधि के दौरान बहुआयामी रूप से गरीब और वंचित लोगों का प्रतिशत 16.4 से घटकर 2.7 हो गया। बिना बिजली के रह रहे लोगों की संख्या 29 प्रतिशत से 2.1 प्रतिशत और बिना आवास के गरीबों की संख्या 44.9 प्रतिशत से गिरकर 13.6 प्रतिशत रह गई है।

## अनुच्छेद 370 के खिलाफ याचिका पर दो अगस्त को सुनवाई सुप्रीम कोर्ट ने सभी पक्षों से 27 जुलाई तक मांगे जवाब

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में अनुच्छेद 370 हटाए जाने को लेकर करीब 23 याचिकाएं दाखिल की गई हैं। इसी मामले में आज सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए सभी पक्षकारों को 27 जुलाई तक अपने जवाब दाखिल करने को कहा। अदालत ने कहा कि 27 जुलाई तक सभी पक्ष इस मामले में अपना जवाब दाखिल करा दें, उसके बाद कोई बदलाव कराने की अनुमति नहीं होगी। इसके बाद दो अगस्त को अगली सुनवाई की जाएगी। शीर्ष अदालत ने मंगलवार को सुनवाई के दौरान केंद्र के नए हलफनामे पर विचार करने से भी इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ का कहना है कि याचिकाओं की सुनवाई सोमवार और शुक्रवार को छोड़कर रोजाना आधार पर होगी। वहीं, कोर्ट ने सुनवाई को आसान बनाने के लिए दो अधिवक्ताओं को नोडल वकील के रूप में भी नियुक्त किया है। वहीं, दूसरी ओर आईएएस अधिकारी शाह फैसल और कार्यकर्ता शेहला रशीद ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के खिलाफ दी गई अपनी याचिकाओं को रद करने की मांग की। उन्होंने कहा कि वह इस मामले से हटना चाहते हैं। अदालत के रिकॉर्ड से अपना नाम हटाना चाहते हैं। अदालत ने याचिकाकर्ता के रूप में उनके नाम हटाने के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। नेशनल कांफ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा कि हम साल 2019 से इस दिन का इंतजार करते आए हैं क्योकि हमें लगता है कि हमारा केस मजबूत है। हम सुप्रीम कोर्ट से उम्मीद भी रखेंगे और गुजारिश करेंगे कि इसमें जल्द से जल्द सुनवाई हो। उन्होंने आगे कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट से न्याय की उम्मीद करते हैं, जो नाइंसाफी जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ 5 अगस्त 2019 को हुई, जो धोखा हुआ, कानून का धज्जियां उड़ाई गई उसका जवाब सुप्रीम कोर्ट से मिले।

## संपादकीय

# खेल के क्षेत्र में लैंगिक हिंसा व प्रताड़ना से निपटने के लिए नीति बनाने की जरूरत

आमतौर पर कोई महिला अगर अपनी पसंद के खेल के मैदान में पहुंच पाती है तो इसके लिए उसे समाज में मौजूद पूर्वाग्रहों, भेदभाव और कई स्तरों पर मौजूद चुनौतियों की दीवार को पार करना पड़ता है। खेलों को महिला सशक्तीकरण का एक बेहतर जरिया भी माना जाता है। लेकिन इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि अपनी प्रतिभा से समाज और देश के लिए उपलब्धियां हासिल करने हौसला रखने वाली महिलाओं को भी खेलों के आयोजन से जुड़े तंत्र में कई बार लैंगिक भेदभाव, हिंसा, शोषण और प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है। मुश्किल यह है कि इस तरह के आपराधिक बर्ताव का शिकार होने वाली महिलाओं के सामने कोई ऐसा संवेदनशील तंत्र नहीं होता, जहां वे अपनी शिकायत दर्ज करा सकें और उस पर उतनी ही सजगता से कार्रवाई भी हो। यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश न्यायमूर्ति हिमा कोहली ने खेल के क्षेत्र में लैंगिक दुर्व्यवहार से निपटने के लिए एक मजबूत तंत्र की जरूरत पर जोर दिया है। उन्होंने खेलों के जरिए महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत सुधार की बात करते हुए कहा कि खेल के क्षेत्र में लैंगिक हिंसा, भेदभाव और प्रताड़ना से निपटने के लिए तंत्र स्थापित करने के मकसद से नीतियां बनाई जानी चाहिए। अपने सपनों को नई ऊंचाई देने का हौसला लेकर कोई महिला किसी खेल में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित कई चरणों को पार करने के बाद ही किसी खेल प्रतियोगिता में अपनी जगह बना पाती है। मगर अफसोसनाक है कि खेलों की दुनिया के भीतर मौजूद विषमता, महिलाओं के प्रतिनिधित्व का अभाव और तंत्र में असंतुलन की वजह से उनके साथ दुर्व्यवहार होता है और इसका नकारात्मक असर उनके समूचे व्यक्तित्व पर पड़ता है। सवाल है कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों के आयोजन से जुड़े तंत्र में अब तक ऐसी व्यवस्था क्यों नहीं बनाई जा सकी है, जो महिला खिलाड़ियों के खिलाफ भेदभाव, शोषण और प्रताड़ना जैसे मसलों पर उनके लिए संवेदनशील रुख अख्तियार करे, ताकि किसी भी स्तर पर खेल में उनकी क्षमता और हौसले पर नकारात्मक प्रभाव न पड़े! पिछले कुछ महीनों में राष्ट्रीय पर सुर्खियों में आए महिला पहलवानों के उत्पीड़न और शोषण के मुद्दे ने यही साबित किया कि खेलों की दुनिया में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाने और पदक जीत कर देश का नाम रोशन करने वाली खिलाड़ियों को भी ऐसे शर्मनाक हालात से गुजरना पड़ता है। सवाल है कि खेल संगठनों के तंत्र में बैठे किसी व्यक्ति के भीतर ऐसा सुरक्षाबोध कहां से आता है कि वह महिला खिलाड़ी के साथ मनमानी हरकत करेगा और उस पर कोई आंच नहीं आएगी? जाहिर है, इस तंत्र में अब तक महिलाओं की शिकायतों पर संवेदनशीलता से विचार करने और ठोस कार्रवाई करने के लिए ऐसा कोई अनुकूल तंत्र नहीं रहा है। जो व्यवस्था है भी, उसमें शिकायत के बाद अक्सर ऐसी जटिल परिस्थितियां पैदा कर दी जाती होंगी, जिसमें किसी पीड़ित महिला खिलाड़ी को या तो पीछे हट जाना पड़ता है या फिर प्रत्यक्ष-परोक्ष दबाव की वजह उनके सामने समझौता करने के अलावा कोई चारा नहीं रहता। सच यह है कि अपनी क्षमताओं और हौसले के जरिए कई महिलाएं अलग-अलग खेलों की दुनिया में अपनी जगह बनाने की कोशिश तो करती हैं, मगर वहां भी उन्हें कई बार समाज में महिलाओं को लेकर मौजूद धारणाओं, दुराग्रहों, दुर्व्यवहार आदि का शिकार होना पड़ जाता है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि महिलाओं को जब तक किसी भी प्रकार के भेदभाव, शोषण और प्रताड़ना से सुरक्षा और सम्मान का हक नहीं मिलेगा, तब तक खेलों के समूचे माहौल को समावेशी नहीं बनाया जा सकता।

## पता नहीं चल पाया !



जल रहा है राज्य ।
पता नहीं चल पाया ।।
धरना वाले गायब हैं ।
दिन है ऐसा आया ।।
हैं कहीं पर व्यस्त ।
आ रही ना याद ।।
है ऐसी रणनीति ।
मुश्किल में फरियाद ।।
सोच समझकर आना जाना ।
है यह राजनीति ।।
चेत जाओ अब तो ।
छद्म है यह प्रीति ।।
होती बात सार्वजनिक ।
समय व्यक्तिगत आन ।।
झूठी है लड़ाई ।
ना कोई नादान ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# राजनैतिक दलों का कुंबा बढ़ाओ अभियान

लगभग दस महीने बाद 2024 में होने वाले आम लोकसभा चुनावों की बिसात बिछने लगी है। विपक्षी दलों का जहां यह प्रयास है कि इस बार किसी भी तरह आपसी मतभेदों को भुलाकर भारतीय जनता पार्टी के विरुद्ध एक राष्ट्रव्यापी गठबंधन तैयार किया जाये वहीं सत्तारूढ़ भाजपा भी न सिर्फ संगठनात्मक स्तर पर स्वयं को मजबूत करने में जुटी है बल्कि कई क्षेत्रीय दलों से गठबंधन की योजना पर भी काम कर रही है। खासतौर पर आंध्र प्रदेश व तेलंगाना में चंद्र बाबू नायडू की उसी तेलगुदेशम को पुनः राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एन डी ए ) में शामिल करने की फिराक में है जो आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा न दिला पाने तथा तीन तलाक के मुद्दे पर विपक्ष के साथ जाने के चलते 2018 में एन डी ए से अलग हो गयी थी।

इसी तरह भाजपा पंजाब में अकाली दल बादल को साथ जोड़ने की योजना बना रही है जो दो वर्ष पूर्व तीन विवादित कृषि कानून के विरोध में एन डी ए से अलग हुई थी। परन्तु अब वह तीनों विवादित कानूनों की वापसी भी हो चुकी है और पिछले पंजाब विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस-भाजपा-अकाली दल सभी को बुरी तरह पराजित कर ऐसे राजनैतिक हालात पैदा कर दिये हैं कि भाजपा-अकाली दोनों को ही एक दूसरे के सहयोग की जरूरत महसूस हो रही है। वैसे तो पंजाब में भाजपा ने कांग्रेस के पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे सुनील जाखड़ को ही पंजाब प्रदेश भाजपा का नया अध्यक्ष बनाकर यह भी साबित कर दिया है कि भाजपा का पंजाब में अपना जनाधार नहीं है बल्कि वह सुनील जाखड़ व कैप्टन अमरेंद्र सिंह जैसे पूर्व कांग्रेस नेताओं के बल पर और अकाली दल (बादल) से गठबंधन कर पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर अपनी बिसात बिछाना चाह रही है। इसी तरह भाजपा जहां उत्तर प्रदेश में ओम प्रकाश राजभर को अपने कुंबे में शामिल कर पूर्वांचल में अपनी स्थिति मजबूत बनाने की फिराक में है वहीं बिहार में विभाजित लोकजनशक्ति पार्टी यानी राम विलास पासवान के भाई व केंद्रीय मंत्री परशुराम नाथ पारस व पासवान के पुत्र



चिराग पासवान में सुलह सफाई कराकर समग्र लोजपा को अपने पाले में लेने की कोशिश में है। पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी,उपेंद्र कुशवाहा तथा मुकेश सहनी जैसे बिहार के प्रभावशाली नेताओं के भी उनकी पार्टियों के साथ एनडीए में शामिल होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।इसी तरह कर्नाटक में भाजपा का प्रयास है कि किसी तरह जनता दल सेक्युलर (जे डी एस) के साथ भी उसकी बात बन जाये ताकि कर्नाटक की विधानसभा में हुई जबरदस्त हार के बाद राज्य की लोकसभा की 28 सीटों पर जे डी एस के साथ चुनाव लड़कर कुछ सीटें जीती जा सकें।

भाजपा को अपनी कुनबा विस्तार योजना दरअसल तब शुरू करनी पड़ी है जबकि उसे हिमाचल प्रदेश व कर्नाटक जैसे राज्यों में सत्ता गंवानी पड़ी। बंगाल में भी उसे मुंह की खानी पड़ी। यानी भाजपा का विश्वविजेता बनने का नशा दरअसल अब उतर चुका है और उसे यह एहसास हो चुका है कि उसके लिये क्षेत्रीय दलों की बैसाखी का सहारा लिये बिना 2024 में सत्ता वापसी की राह आसान नहीं है। भाजपा द्वारा धर्म-सम्प्रदाय व जातिवाद के तमाम हथकंडे अपनाने के बावजूद उसे कर्नाटक में मिली जबरदस्त हार भी उसे यह सोचने के लिये मजबूर कर रही है कि कहीं ऐसा न हो कि कर्नाटक के चुनाव परिणाम की पुनरावृति लोकसभा 2024 में भी हो। उससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गाँधी द्वारा कन्याकुमारी से कश्मीर तक की गयी सफल भारत जोड़ो यात्रा ने भी भाजपा नेताओं के कांग्रेस मुक्त भारत के सपनों में पलीता लगा दिया है और कांग्रेस 2024 के लोकसभा चुनाव काफी मजबूती से लड़ने जा रही है। इसके अलावा पिछले 23 जून को पटना में देश के प्रमुख 15 विपक्षी दलों के प्रमुखों का इकठ्ठा होना जैसी परिस्थितियों ने भी भाजपा को अपनी विजेता बने रहने की गलतफहमी दूर कर कमर कसने के लिये मजबूर कर दिया है। भाजपा अपनी इस रणनीति के तहत विपक्षी दलों में फूट डालने से लेकर दूसरे दलों के नये बागियों यानी अपने नये सहयोगियों को मंत्रिमंडल में जगह भी दे सकती है।

एन डी ए का विस्तार हो या अपनी ही पार्टी (भाजपा) में दूसरे दलों के नेताओं को शामिल कर दूसरे दलों को कमजोर व भाजपा को मजबूत करना,इस नीति पर भी पार्टी लगातार काम कर रही है। इसी कोशिश का परिणाम मध्य प्रदेश में देखा जा चुका है जबकि ज्योतिरादित्य सिंधिया को उनके साथी विधायकों के साथ कांग्रेस से भाजपा में शामिल कराया गया और मध्य प्रदेश विधानसभा के जनमत को ठेंगा दिखाते हुये राज्य की निर्वाचित कमलनाथ सरकार गिराकर भाजपा की सरकार बनाई गयी । पिछले दिनों पटना में विपक्षी दलों की एकता की आहट से घबराई भाजपा ने महाराष्ट्र में भी अपनी विभाजनकारी एजेंडा चलाते हुए शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में दो फाड़ करा दिया। अजित पवार को महाराष्ट्र का उप मुख्यमंत्री व शरद पवार की एन सी पी छोड़ने वाले उनके कई साथी विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिला दी गयी। हालांकि इनमें अजित पवार सहित कई एन सी पी नेताओं के विरुद्ध भ्रष्टाचार संबंधी मामले चल रहे हैं। परन्तु 2024 की कुनबा विस्तार योजना को अधिक महत्वपूर्ण समझते हुये भ्रष्टाचारियों को भी गले लगाने से परहेज नहीं किया गया।

दरअसल भाजपा कर्नाटक के उस वोटिंग पैटर्न से चिंतित है जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि यदि देश के मतदाताओं ने कहीं कर्नाटक की ही तर्ज पर मतदान कर दिया यानी अल्पसंख्यक,दलित व पिछड़े मतदाता, विपक्ष विशेषकर कांग्रेस के पक्ष में चले गये और आम मतदाता धर्म के बजाये मंहगाई व बेरोजगारी के नाम पर वोट देने लगा तब स्वयं को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बताने वाली भाजपा का क्या होगा। निश्चित रूप से कांग्रेस भी न केवल सवर्ण बल्कि अपने पारम्परिक ओबीसी, दलित और मुस्लिम मतदाताओं को अपने साथ पुनः जोड़ने का पूरा प्रयास कर रही है। तो भाजपा भी पसमांदा मुसलमानों के बहाने अल्पसंख्यकों के एक बड़े वर्ग को लुभाने की रणनीति बना रही है। यानी भाजपा इन दिनों युद्धस्तर पर एक साथ कई मिशन पर काम कर रही है। इनमें अपनी पार्टी में दूसरे दलों के लोगों को शामिल कर पार्टी मजबूत करना,विपक्षी दलों में तोड़ फोड़ को हवा देना,विपक्षी नेताओं को ई डी व सी बी आई जैसी केंद्रीय जाँच एजेंसियों का भय दिखाकर उन्हें अपने साथ जोड़ना तथा एन डी ए से अलग हुये दलों को पुनः एन डी में शामिल करना और संभव हो तो नये दलों को भी एन डी ए के कुंबे में शामिल करना जैसी रणनीतियां शामिल हैं।

# सरस्वती पुत्र महेन्द्रपाल काम्बोज जिनकी याद जाती नहीं!

उत्तर प्रदेश के देवबन्द की भीनी भीनी खुशबू बिखेरती मिटटी में ही साहित्य सृजनात्मकता की गन्ध छिपी है, तभी तो देवबन्द ने कन्हैया लाल मिश्र प्रभाकर जैसा शैलियों का शैलीकार और शायरी का जादूगर नवाज देवबन्दी जैसी हस्तियों को जन्म दिया है।देवबंद की इसी साहित्यिक परम्परा को आगे का काम किया था डा0 महेन्द्रपाल काम्बोज ने, जो धाड क्षेत्र के ग्राम हरिपुर से आकर देवबन्द में बस गए थे ।वे एक इन्टर कालेज में पहले अध्यापक और फिर उसी कालेज के प्रधानाचार्य रहे। महेन्द्रपाल काम्बोज को साहित्यिक क्षेत्र में कन्हैया लाल मिश्र प्रभाकर का उत्तराधिकारी माना जाता है। उन्होंने अपने जीवन के 68 वर्षों में करीब दो दर्जन हिंदी साहित्यिक पुस्तको को जन्म दिया। महेन्द्रपाल काम्बोज की जीवटता जीवन पर्यन्त बनी रही।सन 2013 में महेन्द्रपाल काम्बोज देवबन्द में विश्व जागृति मिशन के संस्थापक सन्त सुधांशु जी महाराज के स्वागत कार्यक्रम में जुटे थे, तभी उनसे आखिरी भेंट हुई थी।उसके बाद अचानक उनकी तबियत बिगड गई और उन्हे नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परन्तु अथक प्रयासो के बाद भी उन्हें बचाया नही जा सका था और वे 22 नवम्बर 2013 को इस दुनिया से अलविदा हो गए थे। उसके बाद तो देवबंद में जैसे साहित्यिक रिक्तता आ गई हो,तभी तो आज भी महेन्द्रपाल कांबोज यादों में जिन्दा है और सदा रहेंगे ।

महेन्द्रपाल काम्बोज एक अध्यापक के रूप में जितने निष्ठावान रहे, उतने ही पत्रकारिता के प्रति भी ईमानदार रहे। भारतीय संस्कृति, हिन्दुत्व, राष्ट्रीयता, सामाजिकता, भाईचारे के पक्षधर महेन्द्रपाल काम्बोज में साहित्य के अकुंर कब अकुंरित हुए पता ही नही चला।एक इन्टर कालेज के प्रधानाचार्य के रूप में एक तरफ उन्होने नई पीढी को ज्ञान से पल्लवित किया, वही दुसरी तरफ स्वंय भी सरस्वती के साधक बनते चले गए। महेन्द्रपाल काम्बोज के बिना देवबन्द,सहारनपुर,रूडकी की साहित्यिक गोष्ठियां अधुरी मानी जाती थी।अपनी साहित्यिक धरोहर के रूप में तीन खण्ड काव्य साहित्य समाज को देने वाले काम्बोज की लेखनी बच्चों पर भी खूब चलती थी। उन्होने आजादी के तरूण शहीद नामक अपनी पुस्तक में 6 वर्ष से लेकर किशोर आयु तक के बच्चों के आजादी के आन्दोलन में योगदान का विस्तृत वर्णन किया है। जिससे पता चलता है कि देश को आजादी दिलाने में बडो के साथ साथ बच्चे भी आगे रहें। ख्यातिलब्ध साहित्यकार पदम श्री कन्हैया लाल मिश्र प्रभाकर जब देवबन्द से सहारनपुर जाकर बस गए और वही साहित्य साधना करते हुए ब्रहमलीन हो गए तो देवबन्द की साहित्यिक विरासत को महेन्द्र पाल काम्बोज ने कन्हैया लाल मिश्र प्रभाकर का सच्चा साहित्यिक उत्तराधिकारी बनकर संभाला था। उनके सानिदय और सहयोग से पश्चिमी उ0प्र0 का देवबन्द कस्बा साहित्य की हर विधा में आगे बढ़ा है। मां फूलवती व पिता रामप्रसाद काम्बोज के घर 12 जुलाई सन 1945 को जन्में महेन्द्रपाल काम्बोज ने तीन विषयों संस्कृत,हिन्दी व राजनीति में स्नात्कोत्तर किया था। काव्य रचना ,गद्य लेखन व वाताओं में पारगंत महेन्द्रपाल काम्बोज की मधुर वाणी,सदव्यवहार, सादगी भारतीय परिवेश की वेशभूषा और महर्षि दयानन्द सरस्वती की उनके जीवन पर अमिट छाप ने उन्हे एक अच्छा इंसान बनाया। तभी तो पश्चिमी उ0प्र0 में ही नही उत्तराखण्ड में भी उनका नाम आदर के साथ लिया जाता है। मां सरस्वती की उनपर विशेष कृपा ही कहे कि महेन्द्रपाल काम्बोज ने एक दशक से भी कम समय में करीब दो दर्जन पुस्तको का सजृन किया। उनकी प्रकाशित पुस्तको में मेरी धरती मेरा अम्बर,धरती बांचे अम्बर पाती, मेरी धरती मेरे पेड, पर्वो की श्रखंला,नई उमंगे नईतरंगे,अन्तश का आकाश,बिटटू का बस्ता,अकल बडी या भैंस, कांवड मेला,सुलगी कलिया दहके फूल,कहानी पतंग की, स्वयं सेवक,वीर शिवा,अन्तू लाक्खा व हरिपुरम आदि शामिल है। महेन्द्रपाल काम्बोज के साहित्य पर कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में जहां दो शोध कार्य हो चुके है। वही भारत सरकार के नेशनल बुक ट्रस्ट आफ इण्डिया ने भी उनकी पुस्तके प्रकाशित की है। वही दूरदर्शन और आकाावाणी पर उनकी अनेक वार्ताए भी प्रसारित हुई।लम्बे समय तक नवभारत टाइम्स समेत अनेक समाचार पत्रों के संवाददाता रहे महेन्द्रपाल काम्बोज की गिनती सक्रिय पत्रकारों में होती थी।अनेक क्षेत्रीय,प्रादेशिक एवं राष्ट्रीय पुरूस्कारों से अलंकृत हो चुके महेन्द्रपाल काम्बोज को जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी राजराजेशवाश्रम महाराज ने भी सरस्वती पुत्र माना था। मुनि अरूण सागर जी महाराज हो या फिर पदमश्री डा0 श्याम सिंह शशि जैसे उच्चकोटि के साहित्यकार हो, सभी ने उनकी लेखनी को मुक्त कंठ से सराहा है।महेन्द्र पाल काम्बोज को जीवन में मान सम्मान की कभी कोई कमी नही रही। उन्हे उनकी साहित्य सेवा के लिए मिले सम्मानो में अखिल भारतीय हिन्दी पत्रकार संघ द्वारा हिन्दी गौरव,उ0प्र0 जर्नलिस्ट एोसियेन द्वारा पत्रकारिता सम्मान,मानव कल्याण मंच द्वारा कन्हैया लाल मिश्र प्रभाकर राष्ट्रीय साहित्य सम्मान,साहित्यिक संस्था चेतना द्वारा साहित्य श्री,अम्बेडकर शोध एवं मानव विकास संस्थान द्वारा समता सम्मान,विश्व जागृति मिशन द्वारा श्रद्धा सम्मान,स्वामी विवेकानन्द शिक्षा समिति द्वारा राष्ट्र पुरूष सम्मान,विक्रमशिला हिन्दी विद्यापीठ द्वारा विद्या वाचस्पति व विद्या सागर की मानद उपाधि, साथ ही राष्ट्रीय एकता सम्मान, हास्यश्री सम्मान,नाटय रत्न सम्मान,साहित्य शिरोमणि उपाधि,राष्ट्र भाषा सम्मान ,पंचवटी राष्ट्र भाषा गौरव सम्मान समेत अनेक सम्मान मिले है। महेन्द्रपाल काम्बोज के साहित्य पर सकारात्मक टिप्पणी करने वालो में विष्णु खन्ना, डा0 कुंवर बेचैन, विनोद बब्बर, परमानन्द पांचाल, डा0 योगेन्द्रनाथ शर्मा अरूण, देवेन्द्र कुशवाह, ओ0 पी0 वर्मा, योगेन्द्र पाल दत्त, कर्ण सिंह सैनी, विशम्बर देव शास्त्री, पूरणचन्द शास्त्री, कृष्ण मित्र, भारत भूषण, सोमेवर दत्त वर्मा, कृष्ण शलभ, राजेन्द्र राजन और अखिलेष प्रभाकर जैसे कलमकार शामिल है।

# मणिपुर में सामाजिक असुरक्षा का भाव बना चिंता का कारण

पिछले कुछ वर्षों से मणिपुर में कभी-कभार छिटपुट भिड़ंत की घटनाएं सुनाई देती थीं, पर इस बार जिस प्रकार से लगातार हिंसक घटनाएं घट रही हैं, उस पर पूरे देश में इस प्रकरण को जानने की उत्सुकता है। ज्यादातर लोग इसे मैतेई और कुकी के बीच का झगड़ा बता रहे हैं, जिसका मुख्य कारण न्यायालय का मैतेई समुदाय को एसटी के दर्जे को लेकर सामने आया रुख बताया जा रहा है।

जनजातीय विद्यार्थी यूनियन द्वारा इसके विरुद्ध प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क गई। जिसके बाद अब तक सौ से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और तीन सौ से ज्यादा घायल हुए हैं। वास्तविक आंकड़े शायद अलग हों। अर्धसैनिक बलों के साथ सेना का भी जमावड़ा हिंसाग्रस्त क्षेत्रों में लगा हुआ है। इसी बीच एक अभियान के दौरान सुरक्षा बलों के विरुद्ध लगभग डेढ़ हजार लोगों की भीड़ ने घेराव किया और बारह उग्रवादी छुड़ा लिए गए।


अगर इसे दो समुदायों की आम झड़प समझा जाए तो इस सबके पास अत्याधुनिक हथियार कहां से आए, यह एक बड़ा सवाल है। साठ में से चालीस विधायक मैतेई समुदाय से होना भी इसका एक कारण माना जा रहा है। नब्बे फीसद पहाड़ी और दस फीसद घाटी क्षेत्र भी एक आंकड़ा है। म्यांमा और बांग्लादेश से हो रही घुसपैठ से उत्पन्न असुरक्षा का भाव अन्य कारण में शामिल है। पर इस सबके बीच सुनियोजित रूप से सत्ता के विरुद्ध हथियारों से लैस संगठन का निर्माण और उनका समर्थन करते सामान्य लोग एक अलग दृष्टिकोण तैयार कर रहा है। बंगलुरु में संपन्न सैफ फुटबाल चैंपियनशिप में फाइनल में कुवैत को शूटआउट में 5-4 से हराकर नौवीं बार भारत चैंपियन बना। सेमीफाइनल में भारत ने लेबनान को हराते हुए फाइनल में प्रवेश किया था। भारत के फुटबाल खिलाड़ियों, विशेषकर कप्तान सुनील छेत्री और गोलकीपर गुरप्रीत सिद्धू का इस टूनार्मेंट में महत्त्वपूर्ण योगदान रहा। भारतीय कप्तान सुनील छेत्री सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बने और उन्हें गोल्डन बूट से सम्मानित किया गया। भारत के लाखों फुटबाल प्रेमियों के लिए गर्व की बात है कि भारत के खिलाड़ियों ने लगातार शानदार प्रदर्शन किया। जरूरत इस बात की है कि केंद्र सरकार, राज्य सरकारें, खेल मंत्रालय और भारतीय फुटबाल संघ विजेता खिलाड़ियों को आर्थिक पैकेज और पुरस्कार देकर मनोबल बढ़ाएं। फुटबाल भारत के सभी राज्यों में खेला जाता है, जिसकी अनदेखी उचित नहीं है। सही है कि विश्व फुटबाल में भारत की पहचान नहीं है, लेकिन फुटबाल खिलाड़ी जब चैंपियन बनकर आते हैं तो उनका मनोबल जरूर बढ़ाना चाहिए।

जिस प्रकार ओड़ीशा के मुख्यमंत्री ने हाकी खेल और हाकी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया, मनोबल बढ़ाया, आर्थिक पैकेज प्रदान किए और विश्वस्तरीय स्टेडियम बनाए। इसी तर्ज पर पश्चिम बंगाल जैसे राज्य को आगे आकर फुटबाल को विश्व स्तर पर पहुंचाने का संकल्प लेना होगा, जहां फुटबाल के लिए हद से ज्यादा दीवानगी देखी जा सकती है। अंग्रेजों के आगमन से पहले भारत में शादी विवाह या घरेलू मान्यताएं मुख्यतः हिंदू और मुसलिम धर्मों के बीच अलग-अलग होते थे। एक धर्म का विश्वास मनुस्मृति, याज्ञवल्क्य स्मृति में था तो दूसरे का शरियत में। जब अंग्रेज आए तो उन्हें फूट डालो राज करो की नीति का आधार मिल चुका था। आपराधिक कानूनी मामले दोनों धर्मों पर समान रूप से लागू हुए, लेकिन दीवानी वाले कानून अलग-अलग। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) एक ऐसा कानून, जो परिवार के मामले में एक समान व्यापक कानून, जो सभी धर्मों पर लागू हो।

# विशेष संवाद : फ्रांस की आग क्या भारत तक आएगी ?

## भारत सरकार ने घुसपैठियों के संदर्भ में कठोर कार्यवाही नहीं की तो भारत की स्थिति फ्रांस जैसी होगी ! - श्री. अनिल धीर, अध्येता

एक सेक्युलर देश के रूप में यूरोप में फ्रांस का उदाहरण दिया जाता है । दूसरे महायुद्ध के उपरांत फ्रांस ने शरणार्थियों के लिए अपनी सीमा खोल दी थी । अब फ्रांस में जो दंगे हो रहे हैं, वे अचानक नहीं हो रहे हैं; अपितु यह 30 से 40 वर्षों की तैयारी चल रही थी। आज फ्रांस के नागरिक फ्रांस पर थोपी गई धर्मनिरपेक्षता की असफलता के भयानक परिणाम भुगत रहे हैं । यूरोप के अन्य देश अब सतर्क हो गए हैं। जो फ्रांस में हुआ वह कहीं भी हो सकता है । आज भारत में अवैध पद्धति से रोहिंग्या एवं बांगलादेशी मुसलमानों को अनेक स्थानों पर बसाया जा रहा है । उन्हें रोजगार उपलब्ध करवाया जा रहा है । इन घुसपैठियों के संदर्भ में यदि भारत सरकर ने कठोर कदम नहीं उठाए तो भारत का भी हाल फ्रांस समान हो जाएगा, ओडिशा, भुवनेश्वर के इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज के संयोजक तथा अध्येता श्री. अनिल धीर ने ऐसे संकेत दिए हैं । हिन्दू जनजागृति समिति आयोजित फ्रांस की आग क्या भारत तक आएगी ? इस विषय पर ऑनलाईन विशेष संवाद में वे ऐसा बोल रहे थे ।



इस अवसर पर श्री. धीर आगे बोले, पोलैंड एवं जापान ने आरंभ से ही अवैध घुसपैठ नहीं होने दी । ऑस्ट्रेलिया एवं न्यूजीलैंड भी इसी के लिए प्रयास कर रहे हैं । हिंसा के उपरांत अब फ्रांस वहां कठोर कानून लागू करने के लिए प्रयत्नशील है । इस स्थिति से भारत को सीख लेनी चाहिए तथा अवैध घुसपैठ एवं निवास के संदर्भ में देश में कठोर कानून लागू करने चाहिए ।

इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री. विनोद बंसल ने कहा कि वर्तमान में फ्रांस में दंगे करवाए जा रहे हैं । अल्पसंख्यकों का पहले से ही ग्लोबल पैटर्न रहा है । प्रथम शरणार्थी बनकर जाना, तत्पश्चात वहां की संस्कृति, धरोहर एवं ऐतिहासिक वास्तु नष्ट कर वहीं के लोगों को शरणार्थी बनाना तथा वहां दार-उल-इस्लाम का राज्य लाना । कुछ वर्ष पूर्व भारत में भी अवैध पद्धति से आए रोहिंग्या मुसलमानों से ऐसा ही संकट है । आज भारत में अनेक मिनी पाकिस्तान निर्माण हो गए हैं । कुल मिलाकर भारत विरोधी शक्तियों को विफल करने के लिए समाज को एकत्रित आकर शासन की सहायता करनी होगी ।

इस अवसर पर जर्मनी की सुप्रसिद्ध लेखिका मारिया वर्थ ने कहा कि वर्तमान में फ्रांस में हुए दंगे पूर्व नियोजित थे । फ्रांस एवं विविध देशों के राजकीय नेता दंगे एवं हिंसा करने के लिए शरणार्थी मुसलमानों का उपयोग करते हैं; मात्र फ्रांस में शरणार्थी मुसलमानों द्वारा किए जा रहे दंगों का समर्थन करने की आवश्यकता नहीं । कुल मिलाकर फ्रांस की स्थिति को देखते हुए भारत को बहुत सतर्क रहने की आवश्यकता है ।

# पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ कमिश्नर से मिले सपाई



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। टमाटर के मूल्य मे बेतहाशा मूल्य वृद्दि के खिलाफ प्रतिकात्मक संदेश देने मे गिरफ्तार सब्जी विक्रेता एवं सपा कार्यकर्ता अजय फौजी के उपर पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ आज सपा नेताओ ने कमिश्नर मुथा अशोक जैन से मुलाकात किया` पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा के नेतृत्व मे पूजा यादव एवं राजू यादव आज पुलिस आयुक्त से मुलाकात कर बताया कि सब्जी विक्रेता को पूछताछ के नाम पर लंका पुलिस मुकदमा लिखकर अकारण भेज दिया एवं सीरिया सपा कार्यकर्ता अजय फौजी को घरो पर अपराधियो की तरह खोजबीन करने के साथ घरो पर दबिश दे रही है पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने कमिश्नर से कहा कि टमाटर के बढ़े रेट के कारण विवाद न हो एवं सुगमता पूर्वक उपभोक्ता सब्जी खरीदे इसलिए सुरक्षा की द्दष्टिकोण से बाउसंर लगाया गया था यह एक प्रतिकात्मक संदेश था` मगर लंका पुलिस टमाटर व सब्जीयो के बढ़े दामो को लेकर सुरक्षा की द्दष्टिकोण प्रतिकात्मक संदेश को विरोध मानकर सब्जी विक्रेता को मुकदमा लगाकर जेल भेज दिया गया सपा कार्यकर्ता अजय फौजी के परिजनो का पुलिस उत्पीड़न कर रही है पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा एवं पूजा यादव ने पुलिस आयुक्त से कहा कि प्रति वर्ष की भॉती श्रावण मास मे यादव समाज के लोग प्रथम सोमवार बाबा विश्वनाथ जी का जलाभिषेक करते है जब यादव समाज के लोग जलाविशेख के लिए कतारबद्ध तरीके से जा रहे थे पुलिस ने यादव बंधुओ पर अमानवीय व्यवहार किया एवं धक्का मुक्की करते हुए मारा पीटा गया जो सोशल मीडिया पर वायरल है सपा नेताओ ने सपा कार्यकर्ताओ एवं यादव समाज के उपर पुलिस द्वारा अमानवीय व्यवहार किए जाने की कार्रवाई की मांग करते हुए पत्रक सौपा` पुलिस कमिश्नर ने सपा नेताओ को आश्वस्त किया कि दोनो प्रकरण मे जांच कराकर कारवाई की जायेगी` पुलिस आयुक्त से मुलाकात करने वालो मे प्रमुख रूप से पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा,कैन्ट की पूर्व प्रत्याशी पूजा यादव,एम एल सी प्रत्याशी उमेश यादव प्रधान ,पूर्व प्रदेश सचिव राजू यादव, बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव सत्यप्रकाश सोनकर, समन यादव, दिनेश यादव आदि लोग उपस्थित थे।

## सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शकील अहमद को सौंपी राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी

बलिया। जनपद में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्य मंत्री अखिलेश यादव के द्वारा सपा अल्पसंख्यक सभा के नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव मुन्ना शकील अहमद को बड़ी जिम्मेदारी सौंप बलिया भेजा । राष्ट्रीय सचिव शकील अहमद का बलिया प्रथम आगमन पर सपा नेताओं ने गाजे बाजे के साथ किया जोरदार स्वागत । तत्पश्चात जिला सपा कार्यालय पर आयोजित स्वागत समारोह मे फूल मालाओ से स्वागत किया गया तथा उपस्थित नेताओं एवं पदाधिकारियों ने शकील अहमद लोहिया को पार्टी का कर्मठ निष्ठावान समर्पित कार्यकर्ता होने के नाते जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी राष्ट्रीय सचिव के रूप मे अखिलेश यादव ने दिया है एवं बधाई दिया । उक्त अवसर पर जुबेर,सोनू,डा० शोएबुल इस्लाम, जे०डी० जलाऊद्दीन, मिन्टू खान, जमाल आलम,शकील अहमद पूर्व सभासद,बीरबल राम,राघव सिंह,रविन्द्र नाथ यादव,राजेश गोंड,सुशील, राजभर,रेशु पठान,विक्की खान, सिब्बू खान, अनिल खरवार, रितेश खरवार बदरु अन्सारी जाफरी, बबलू, सुवाष चौहान, इम्तियाज, डा० मु. अजमल मन्सूरी, अफसर अली छोटे, पप्पूभाई, टुनटून,राकेश यादव, गनेश यादव हरेन्द्र गोंड,श्रीराम वर्मा, रेयाज खान,नाजिम घनश्याम चादव, विमलेश यादव, श्रीकान्त गिरि मुन्ना,देवेन्द्र यादव , चन्द्रशेखर सिंह, जयप्रकाश यादव आदि ने विचार व्यक्त किया तथा माला पहनाकर स्वागत किया । नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव सपा अल्पसंख्यक शकील अहमद ने सभी लोगो के प्रति आभार व्यक्त करते हुए । राष्ट्रीय अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके मंशा के अनुरूप पार्टी की मजबूती हेतु संकल्प लिया । कार्यक्रम की अध्यक्षता साथी रामजी गुप्ता एवं संचालन राजन कन्नोजिया ने किया।

# सावन के पहले सोमवार को लखनेश्वरडीह मंदिर पर श्रद्धालुओं का लगा तांता : गूंजा हर-हर महादेव



रसड़ा (बलिया)। सावन माह के प्रथम सोमवारी को क्षेत्र के विभिन्न देवाधिदेव महादेव के मंदिरों पर पूजा अर्चन व बाबा को जलाभिषेक करने को श्रद्धालुओं का तांता तड़के सुबह लगा रहा, जो दिनभर चला। मंदिर व्यवस्थापकों और पुलिस की चौकसी के बीच पुरुष और महिला श्रद्धालु पंक्तिबद्ध होकर बाबा को गंगाजल, बेलपत्र, भांग, धतूरा आदि अर्पण कर पूजन अर्चन करते देखे गए । उल्लेखनीय है कि सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक व पौराणिक स्थल लखनेश्वरडीह किला स्थित बाबा लखनेश्वर महादेव मंदिर पर अर्धरात्रि से ही श्रद्धालु महिला, पुरुष व युवतियों का आना जाना शुरू हो गया था, जिससे लखनेश्वरडीह मंदिर किला का पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव के अनुगूंज व भक्ति भावना से सराबोर रहा। श्रद्धालुजन तमसा नदी में स्नान ध्यान के बाद मंदिर पहुंच पंक्तिबद्ध हो भूगर्भ में स्थित बाबा को जलाभिषेक किया। इसके बाद श्रीहरि विष्णु भगवान का भी दर्शन पूजन किया, जहां मंदिर के महंत दीनदयाल दास उर्फ बालक बाबा श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण कर आशीर्वाद प्रदान की। विशेष रूप से सुरक्षा के मद्देनजर बाबा लखनेश्वर नाथ महादेव मंदिर पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर रसड़ा कोतवाल प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रयाप्त संख्या में महिला व पुरुष पुलिस फोर्स मौजूद रहकर श्रद्धालुओं को दर्शन पूजन हेतू एक-एक को क्रमबद्ध ढंग से मंदिर के अंदर प्रवेश करने का आवाहन करते रहे । इसी प्रकार रसड़ा नगर में स्थित प्रसिद्ध श्रीनाथ बाबा मठ समेत क्षेत्र के अन्य शिवालयों में भी प्रातःकाल से ही पूजा अर्चन के लिए हर-हर महादेव जयकारों के साथ श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

## डीएम ने जिला अस्पताल स्थित ट्रामा सेंटर चालू किए जाने का शुरू किया प्रयास



बलिया। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार द्वारा आज जिला अस्पताल स्थित ट्रामा सेंटर प्रारंभ किए जाने हेतु निरीक्षण किया। निरीक्षण में ट्रामा सेंटर शुरू किए जाने हेतु कितने उपकरण एवं कितने स्टाफ की आवश्यकता होगी इस पर गहन विचार विमर्श हुआ। जनपद में कुछ चिकित्सालय में अतिरिक्त स्टाफ है उन्हें जिला अस्पताल ला कर ट्रामा सेंटर शुरू किए जाने कर प्रस्ताव किया गया। विगत कई वर्षों से ट्रामा सेंटर बनकर तैयार है किंतु अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है। बलिया के नागरिकों द्वारा इसे प्रारंभ किए जाने के लगातार मांग की जा रही थी जिलाधिकारी के इस प्रयास से ट्रामा सेंटर शीघ्र प्रारंभ होने की संभावना है।

# पीसीएस अधिकारी ज्योति मौर्या के समर्थन में उतरे जीशान खान

### भारत रक्षा दल के बैनर तले महिलाओं ने भी सभा कर दिया समर्थन



प्रखर शाहगंज (जौनपुर)। पीसीएस अधिकारी ज्योति मौर्य और उनके पति सफाई कर्मचारी प्रकरण ठंडा होने के नाम नही ले रहा है देश इस बात को लेकर बहस छिड़ी हुई है।समाज और शोसल मीडिया भी दो धड़ों में बंटा नजर आ रहा है।इसी बीच प्रख्यात समाजसेवी और भारत रक्षा दल के नेता जीशान अहमद खान ने ट्विटर और शोसल मीडिया के अन्य प्लेटफार्म पर ज्योति मौर्य का समर्थन हुए कहा की किसी एक एक घटना को बेस बनाकर पूरे औरत जात को निशाना बनाना,उसके बढ़ते कदमों को रोकने की कोशिश करना,उसके किरदार पर उंगलियां उठाकर चटखारे लेना ये कुंठित सोच और दिवालियापन को दशार्ता है।उन्होंने कहा याद रखे आलोक मौर्या बहुत मिल सकते है मगर ज्योति मौर्य नही मिलेगी जिसने संघर्ष करके अपना एक मुकाम हासिल किया।इस लिए किसी एक घटना को बुनियाद बनाकर पूरी औरत जात को कटघरे में खड़ा करना कहीं से भी न्याय संगत नही है। वहीं मंगलवार को क्षेत्र के सुरिस गाँव मे भारत रक्षा दल के बैनर तले नारी सशक्तिकरण अभियान के तहत आयोजित आयोजित सभा मे संगठन की महिला शाखा ने महिलाओं के प्रति हो रहे अन्याय,शोषण और ज्योति मौर्य के समर्थन में सभा को सम्बोधित करते हुए कंचन भारती ने कहा की आज महिलाओं को मजबूत होने की जरूरत है ।अगर पुरुषों पर निर्भर रहेंगी तो उन्हें जब मिलेगा तो खाएंगी, जब मिलेगा तो पहनेंगी, मतलब एक तरह से पुरुष वादी कुंठित सोच की कठपुतली बन कर रह जाना पड़ेगा।ज्योति मौर्य प्रकरण को जितना हवा दिया जा रहा सब सच्चाई नही है एक ज्योति मौर्य ने पति को छोड़ दिया तो इतना हो हल्ला हो रहा है वहीं जब पुरुष अपनी पत्नी को छोड़ देता है या दूसरी शादी कर लेता है तो यही रूढ़िवादी सोच वालों को तब कुछ नही दिखता।बेचारी महिलाएं तब कोर्ट कचहरी और थाने के चक्कर लगाते नजर आती हैं तब कहाँ चले जाते हैं समाज के कथित ठेकेदार। कंचन भारती ने श्री जीशान अहमद खान द्वारा ज्योति मौर्य को समर्थन देने पर उनका धन्यवाद देते हुए कहा की समाज मे ऐसे ही लोगों की जरूरत है जो पुरुष होकर भी महिलाओं के मान सम्मान के लिए आगे आकर महिलाओं के हक की बात की। कार्यक्रम का संचालन पिंकी भारती ने किया।उक्त मौके पर इंदु, अनीता, कलावती देवी, सुनीता, दुर्गावती देवी, सरोज, रीता कुमारी, लीलावती, गीता देवी सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं।

## ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को पत्र सौंपा कर दी सामूहिक आत्मदाह करने की चेतावनी

बलिया। जिले में बांसडीह रामपुर कला के ग्राम वासियों ने आज जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच गया जिलाधिकारी से मिलकर बताया कि राजेश दुबे उर्फ राजू पर कार्रवाई नहीं हुई करेंगे सामूहिक आत्मदाह। राजेश दुबे पर ग्रामीणों ने बड़ा आरोप लगाया है यही नही केतकी सिंह द्वारा कोई मदद मिलता नही देख पूरी तरह से आक्रोश व्याप्त है। मामला बांसडीह थाना अंतर्गत रामपुर कला में पुरखो के जमाने से बसे लगभग 40 परिवारों के जमीन से जुड़ा है। पीड़ित ग्रामीण महिलाओं ने कहा कि हम पुरखो की जिस जमीन पर बसे है वो राजेश दुबे अपना बता कर हमें उजड़ना चाहते है विधायिका से भी गुहार लगाई लेकिन कोई सुनवाई नही, कहा हमे न्याय नही मिला तो हम सभी आत्मदाह कर लेंगे। वही गांव के प्रधान ने कहा कि मेरे और मेरे पिता के जन्म से पहले इनको बसाया गया था इनके नाम से और कहीं जमीन नही है गांव के ही राजेश दुबे इन्हें प्रताड़ित कर रहे है जब कि जमीन का मामला कोर्ट में विचाराधीन है और जमीन पर स्टे है बावजूद कानूनगो और तहसीलदार यहां आ रहे है। हम ग्रामीणों का घर उजाड़ने का प्रयास है और रोज यहां राजेश दुबे न केवल धमकी दे रहे है बल्कि गाली-गलौज भी कर रहे है। आपको बताते चले कि बांसडीह तहसील के ग्रामसभा रामपुर कला ग्रामीणों ने डीएम को दिए पत्रक में उल्लेख किया है कि वे आबादी संख्या 11 में उनका अशियाना है। जिसमें लगभग 40 परिवार अपना गुजारा करते है। उसी गांव के निवासी राजेश दूबे उर्फ राजू पुत्र स्व. सुरेन्द्र नाथ जो कि उनकी जमीन को अपना बताकर घरों को उजाड़ना चाहते है। जिसके लिए उनपर बार–बार दबाव बना रहे है। यही नहीं तहसीलदार भी उनका साथ नहीं दे रहे है। ग्रामीणों ने डीएम से न्याय की गुहार लगाया है। न्याय न मिलने पर उन्होंने सामूहिक रूप से आत्महत्या की चेतावनी दी है। पत्रक सौपने वालों में शिला देवी, मानती, सरिता देवी, टुनटुन, श्याम सुन्दर, रमाशंकर, उमाशंकर, संजय, स्वामीनाथ, दसई आदि लोग शामिल रहे।

# हेड मास्टर समेत 6 शिक्षक, दो स्कूलों का रोका गया वेतन

### नामांकित छात्रों की अपेक्षा कम उपस्थिति पर अधिकारी ने जताई नाराजगी, बीएसए के निरीक्षण में नदारद मिले शिक्षक और अनुदेशक

**मोहम्मद अरशद**

प्रखर जौनपुर। बीएसए डॉ गोरखनाथ पटेल ने मंगलवार को जलालपुर विकासखंड के 5 विद्यालयों में रेंडम चेकिंग की। इस दौरान प्रधानाध्यापक समेत आधा दर्जन शिक्षक, अनुदेशक स्कूल से गायब मिले। छात्रों की विद्यालय में नामांकित संख्या के अपेक्षा उपस्थिति बेहद ही कम रही। विद्यालय में पठन-पाठन और साफ-सफाई की स्थिति बेहद ही खराब पाए जाने पर दो विद्यालयों के सभी शिक्षकों का वेतन रोक दिया गया है। मध्यान्ह भोजन योजना में गुणवत्ता का खासा अभाव पाया गया। इस पूरे मामले को बेहद ही गंभीरता से लेते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल ने प्रधानाध्यापक समेत सभी 6 शिक्षकों का वेतन रोक दिया है । बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए सभी शिक्षकों को कड़े निर्देश दिए हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल प्रातः आठ बजे कम्पोजिट विद्यालय महिमापुर पहुंचे। इस दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक श्रीमती मालती कुमारी, सहायक सुमन कुमारी व अनुदेशक अनिरूद्ध प्रसाद शर्मा बिना सूचना के विद्यालय से गायब मिले। दूसरी सहायक अध्यापिका रितू मौर्या प्रातः 8:20 पर विद्यालय पहुंची। विद्यालय मे खेलकूद सामग्री, गणीत किट व विज्ञान किट का प्रयोग नहीं होता पाया गया। विद्यालय में सफाई नहीं की गयी थी। कक्षा सात के छात्रों से सामाजिक विषय से प्रश्न पूछे जाने पर उत्तर कुछ ही छात्रों द्वारा दिया जा सका। प्रधानाध्यापक समेत सभी का वेतन और मानदेय रोक दिया गया है। विद्यालय मे प्राप्त कमियों में सुधार कर खण्ड शिक्षा अधिकारी जलालपुर के माध्यम से अपना स्पष्टीकरण एक सप्ताह के मध्य अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय लहंगपुर में 11 बजे औचक निरीक्षण के समय अनुदेशक श्रीमती दीपम मिश्रा, रमेश कुमार यादव व पूनम पाण्डेय अनुचर बिना सूचना के अनाधिकृत



रूप से विद्यालय पर अनुपस्थित मिले। यहां नामांकन अत्यन्त कम पाया गया । प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत विद्यालय मे चावल-दाल बना हुआ पाया गया। परन्तु दाल मानक के विपरीत बनी हुयी प्राप्त हुई। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा अवगत कराया गया कि विद्यालय की आय-व्यय पंजिका तैयार नहीं है। विद्यालय मे गणित किट उपलब्ध पायी गयी किन्तु गणित किट एवं खेलकूद सामग्री उपयोग मे नहीं पायी गयी। विद्यालय मे कार्यरत शिक्षकों द्वारा छात्रों मे मध्यान्ह भोजन ग्रहण किये जाने हेतु स्वच्छ कार्य-व्यवहार विकसित नहीं किया गया प्राप्त हुआ। विद्यालय में रंगाई-पुताई व बाला पेंटिग नहीं की गयी। इसे घोर लापरवाही मानते हुए यहां कार्यरत समस्त शिक्षक, अनुदेशकव परिचारक का अग्रिम आदेश तक वेतन/ मानदेय रोक दिया गया है। प्राथमिक विद्यालय प्रधानपुर में विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। विद्यालय में कार्यरत कृष्ण कुमार सिंह व आरती सिंह आज अवकाश पर थी। यहां विद्यालय प्रांगण मे जलभराव की समस्या द्दष्टिगत रखते हुये विद्यालय प्रांगण में मिट्टी पटवाया जाना सुनिश्चित करने को कहा। कम्पोजिट विद्यालय लोहगाजर में 9, 30 बजे समस्त शैक्षणिक कर्मचारी विद्यालय पर उपस्थित पाये गये। विद्यालय मे वर्तमान शैक्षिक सत्र 2023-24 मे छात्र नामांकन अत्यधिक कम पाया गया। विद्यालय मे नामांकित कुल छात्रों के सापेक्ष उपस्थिति सन्तोषजनक नहीं रही। प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत विद्यालय मे मध्यान्ह भोजन मीनू के अनुसार बना हुआ पाया गया। कक्षा टिन में अध्ययनरत छात्रों का लर्निंग आउटकम कम पाया गया। विद्यालय की बालवाटिका मे सिर्फ चार छात्र उपस्थित पाये गये। उक्त के क्रम मे विद्यालय के प्रधानाध्यापक को विद्यालय निरीक्षण मे प्राप्त कमियों को एक सप्ताह मे दूर करते हुये अपना स्पष्टीकरण खण्ड शिक्षा अधिकारी जलालपुर के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। प्राथमिक विद्यालय डिंगुरपुर खास में 10:20 बजे विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। विद्यालय मे कार्यरत समस्त शैक्षणिक कर्मचारी विद्यालय पर उपस्थित पाये गये। विद्यालय की रंगाई-पुताई की गयी प्राप्त हुयी, परन्तु विद्यालय की दीवालों पर बाला पेंटिंग की गयी नहीं प्राप्त हुयी। विद्यालय के कक्षा-कक्ष में जाले लगे हुये प्राप्त हुये। प्रांगण मे घास उगी हुयी थी। यहाँ कार्यरत समस्त शिक्षक/ शिक्षामित्र का अग्रिम आदेश तक वेतन/मानदेय अवरूद्ध करते हुये छात्रों के अधिगम स्तर में वृद्धि लाने, निपुण लक्ष्य प्राप्त करनें व विद्यालय सुधार लाने के कड़े निर्देश दिए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रदेश में सिगल डोर स्टेप डिलीवरी में बड़े घोटाले : गिरीश तिवारी



प्रखर वाराणसी। आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय सचिव/प्रदेश प्रभारी गिरीश तिवारी ने बताया कि प्रदेश में शासन द्वारा निशुल्क खाद्यान्न सिंगल डोर स्टेप डिलीवरी के माध्यम से राशन की दुकानों पर पहुंचाने की व्यवस्था सरकार द्वारा किया गया है। जिससे कालाबाजारी पर रोक लगाई जा सके लेकिन इसमें कुछ लोग तथा ट्रक डाइवर द्वारा रास्ते में खाद्यान्न निकाल लिया जाता है।तथा खाली बोरी का वजन भी नहीं दिया जाता है।जब इस,की जानकारी संगठन द्वारा आयुक्त महोदय दिया जा चुका है। वहां से आदेश भी जारी किया गया उसके बावजूद ठीकेदार व उनके डाइबर द्वारा बड़े पैमाने पर खाद्यान्न चोरी किया जा रहा है।जब कोटेदार को खाद्यान्न ही कम मिलेगा तो वह पुरा खाद्यान्न कैसे देगा।

### विधायक प्रतिनिधि कुशीनगर रुद्र प्रकाश सिंह ने जन्मदिन पर किया पौधरोपण



प्रखर कुशीनगर। नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाये जा रहे पौधरोपण संग जन्मोत्सव अभियान से जुड़कर मंगलवार को कुशीनगर विधायक प्रतिनिधि रुद्र प्रकाश सिंह ने श्रीरामजानकी मंदिर (मठ) कसया के परिसर जन्मदिन पर पौधरोपण कर ठाकुर जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री सिंह ने नयी दिशा के जन्मदिन पर पौधरोपण अभियान की सराहना करते हुए आमजन से प्रदूषण मुक्त समाज के निर्माण हेतु अधिकाधिक पौधरोपण की बात कही। इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्राथमिक संवर्ग के मंडल अध्यक्ष राजेश शुक्ला, अविनाश शुक्ल, शुभम दीक्षित, संजीव सिंह सिब्लू, कमलेश कुशवाहा, राहुल सिंह, ऋषभ मिश्र, नयी दिशा सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र इत्यादि उपस्थित रहे।

### न्याय के लिए दर-दर की ठोकरें खा रही है महिला

प्रखर जौनपुर। दबंगों ने पड़ोसी की बाउंड्री वाल जबरन गिरा दी और विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट भी की।पीड़ित महिला अब न्याय के लिए दर दर पर दस्तक दे रही है।मामला जिले के सिकरारा थाना क्षेत्र के सिकरारा गाँव का है। पीड़ित महिला बब्बो बेबी के मुताबिक सिकरारा गांव में उनका एक आवासीय प्लाट है।जिसे उन्होंने रीता जायसवाल से खरीदा था।पड़ोसी रुक्सार बानो पत्नी मोहिउद्दीन ने अपने परिवार के साथ मिलकर इस प्लाट पर कब्जा करने का प्रयास किया।पीड़िता बब्बो बेबी ने न्यायालय की शरण ली।फिलहाल मामला न्यायालय में लंबित है। बीते 5 जुलाई को पड़ोसी रुक्सार बानो ने हलका लेखपाल और कानून गो से मिलकर परिजनों को लेकर प्लॉट की बाउंड्री वाल गिरानी शुरू कर दी।पीड़िता का आरोप है कि जब उसमें विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गयी और गाली गलौज भी दो। पीड़िता बब्बो बेबी ने सिकरारा थाने में तहरीर लेकिन पुलिस ने दबंगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।उन्होंने एसपी को भी प्रार्थना पत्र दिया है लेकिन वहां पर उनकी फरियाद ठंडे बस्ते में डाल दी गयी। पीड़ित महिला बब्बो बेबी हफ़्ते भर से न्याय के लिए दर दर की ठोकरें खा रही है।

### बाइक व स्कूल बस की आमने-सामने टक्कर, तीन गंभीर घायल रेफर

रसड़ा (बलिया)। स्थानीय कोतवाली रसड़ा क्षेत्र के अठिलापुरा ग्राम के समीप सोमवार को सुबह लगभग नौ बजे एक बाइक और स्कूल बस के बीच आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे के दौरान कंप्यूटर कोर्स की पढ़ाई के लिए बाइक से अपनी बहन को रसड़ा छोड़ने जा रहे युवक व बहन और उसकी सहेली गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रसड़ा ले आया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार कर तीनों घायलों की स्थिति गंभीर होने के कारण रसड़ा से जिला सदर अस्पताल रेफर कर दिया, परंतु घायलों के परिजनों ने उन्हें मऊ के अस्पताल में इलाज कराने ले गये। बताया जाता है कि नगरा थाना क्षेत्र के ग्राम खरूआंव निवासी 18 वर्षीय वीरेंद्र ठाकुर का पुत्र विकास अपनी बहन 19 वर्षीय अमृता व उसकी सहेली 17 वर्षीय प्राची को बाइक से कंप्यूटर की पढ़ाई के लिए रसड़ा पहुंचाने जा रहा था कि रास्ते में अठिलापुरा मोड़ के समीप सभी दुर्घटना के शिकार हो गए।

### पंकज बने अवैतनिक शिक्षक कल्याण, समित के प्रदेश प्रवक्ता

रसड़ा (बलिया)। उत्तर प्रदेश अशासकीय मान्यता प्राप्त प्राथमिक विद्यालय के अवैतनिक कार्यरत शिक्षक कल्याण समिति के पदाधिकारियों का चयन किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष भारत यादव ने संगठन को विस्तार देते हुए छितौनी (रसड़ा) निवासी पंकज कुमार श्रीवास्तव पुत्र कंचन लाल श्रीवास्तव को अपने संगठन में प्रदेश प्रवक्ता के पद पर मनोनयन करते हुए कहा कि मुझे पूर्ण आशा और विश्वास है कि पंकज कुमार जी रूचि के साथ संगठन हित में काम करेंगे। इस मनोनयन पर पंकज के समर्थको में अपार खुशी और उत्साह देखा जा रहा है। इस मनोनयन पर पीयूष श्रीवास्तव, प्रिंस श्रीवास्तव, नजीब आलब, सुभम चतुर्वेदी, राजकुमार, अनिल, अजीत, रवि आदि समर्थको ने खुशी का इजहार कर एक दूसरे को मिठाइयां खिलाई है।

### धनेश्वर नाथ महादेव मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

रतसर (बलिया) । गड़वार ब्लाक के ग्राम पंचायत धनौती में स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर धनेश्वर नाथ महादेव के सावन मास में दर्शन-पूजन के लिए शिव भक्तों की काफी भीड़ लग रही है। इसे देखते हुए स्थानीय पुलिस चौकी प्रभारी अखण्ड नारायन सिंह के साथ हमराही पूरे समय लगाकर भक्तों को कोई कष्ट न हो इसके लिए पूरा सहयोग कर रहे हैं। बाबा धनेश्वर नाथ महादेव के बारे में शिवभक्तों का मानना है कि जो भी भक्त इस दरबार में सच्चे मन से अब तक कोई भी मनोकामना किए हैं वह पूरा हुआ है। उनके हर कष्टों के निवारण के साथ ही झोली खुशियों से भर दी है जिसके चलते इस दरबार में दिन प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। इस समय पूरे प्रांगण के आसपास मिठाई,फूल आदि की दुकानें सज गई हैं। वहीं सोमवार की सुबह से ही भक्त गणों का रेला दर्शन-पूजन के लिए उमड़ पड़ा। मंदिर के व्यवस्थापक फलाहारी दास ने बताया कि यहां तो बराबर शिवभक्तों का रेला लगा ही रहता है लेकिन सावन मास के चलते इस समय भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है।

**Entertainment News**




# रणवीर ने दीपिका संग तलाक की खबरों पर लगाया ब्रेक

**एक्टर** रणवीर सिंह 6 जुलाई को 38 साल के हो गए। रणवीर ने अपनी पत्नी दीपिका पादुकोण के साथ अलीबाग में अपना स्पेशल डे सेलिब्रेट किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों ने करीब एक हफ्ता अपने अलीबाग वाले बंगले पर बिताया। रणवीर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर दीपिका संग एक ब्लैक एंड वाइट तस्वीर शेयर की। तस्वीर में दोनों क्रूज पर पर स्माइल करते नजर आ रहे हैं। तस्वीर के साथ रणवीर ने लिखा- लविंग बर्थडे विशेज के लिए शुक्रिया।


**तलाक की उड़ने लगी थी अफवाह**

आपको बता दें कि दीपिका ने सोशल मीडिया पर रणवीर को बर्थडे विश नहीं किया था। इससे रणवीर क फैंस नाराज हो गए थे और दीपिका से इसका जवाब मांग रहे थे। इतना ही नहीं, लोग यहां तक कहने लगे थे कि दोनों का तलाक होने वाला है। हालांकि दीपिका ने कुछ दिनों बाद रणवीर के लिए इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर कर खबरों का खंडन कर दिया था। आपको बता दें कि राम लीला के दौरान एक-दूसरे के प्यार कर बैठे थे। करीब 6 साल तक डेट करने के बाद दोनों ने 2018 में शादी कर ली थी।



# जाह्नवी कपूर के स्टनिंग लुक पर फैंस हुए लट्टू

**एक्ट्रेस** जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी फिल्म बवाल को लेकर काफी सुर्खियों में हैं। बीते दिन जाह्नवी और वरुण स्टारर फिल्म बवाल का ट्रेलर रिलीज हुआ था, जो लोगों को काफी पसंद आया। जाह्नवी और वरुण जमकर अपनी अपकमिंग फिल्म का प्रमोशन कर रहे हैं। अब इसी बीच जाह्नवी कपूर ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें एक्ट्रेस ग्रीन कलर की साड़ी में बेहद ही गॉर्जियस लग रही हैं।



# सालों बाद हेमा मालिनी ने फिल्ममेकर के काले सच से उठाया पर्दा

**हिन्दी** सिनेमा जगत की दिग्गज एक्ट्रेस हेमा मालिनी अपने बेबाक अंदाज के लिए खूब मशहूर हैं। हाल ही में हेमा मालिनी ने एक इंटरव्यू दिया है, जहां उन्होंने एक फिल्ममेकर के काले सच से पर्दा उठाया है। ड्रीमगर्ल कहलाने वालीं हेमा मालिनी ने बिना किसी का नाम लेते हुए बताया कि एक फिल्मेकर उनकी साड़ी के पल्लू से पिन हटवाना चाहते थे। हेमा मालिनी ने आगे बताया कि जब उन्होंने कहा कि साड़ी नीचे गिर जाएगी तो फिल्मेकर ने जवाब दिया था- यही तो हम चाहते हैं...।

**सत्यम शिवम् सुन्दरम हुई थी ऑफर**

हेमा मालिनी ने साथ ही खुलासा किया कि पहले उन्हें ही सत्यम शिवम सुन्दर ऑफर की गई थी। यह जानते हुए कि वह ऐसी फिल्म नहीं करेंगी। हेमा मालिनी ने बताया कि राज कपूर उनके पास आए और फिल्म के बारे में बताया। हेमा मालिनी ने बताया कि तब राजकपूर ने उनसे कहा था यह ऐसी फिल्म है, जिसे तुम नहीं करोगी लेकिन वह एक्साइटेड हैं कि वह इसे करें। हेमा मालिनी ने अपनी बात पूरी करते हुए कहा कि उस दौरान उनकी मां भी साथ में बैठी थीं तो उन्होंने नाराजगी में अपना सिर ना में हिला दिया था।

**Bollywood Update**



## सिर्फ गाड़ी-बंगला नहीं इन स्टार्स के पास है

# खुद का प्राइवेट जेट

**बॉलीवुड** में कई ऐसे बड़े स्टार्स हैं जिनके पास सिर्फ बाइक या कार नहीं बल्कि अपने खुद प्राइवेट जेट भी हैं। कई बार लग्जरी लाइफ जीने वाले ये फिल्मी सितारे बिना किसी को खबर लगे चुपचाप विदेश की सैर पर निकल जाते हैं। वैसे कई ऐसे भी फिल्मी सितारे हैं जिन्हें उनकी लग्जरी लाइफस्टाइल से ही पहचाना जाता है, लोग उनकी चकाचौंध भरी दुनिया को देखकर हैरान हो जाते हैं कि वाह क्या लाइफ है। आज हम आपको ऐसे ही कुछ बॉलीवुड स्टार्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके पास अपने खुद के प्राइवेट जेट हैं और वह कभी भी चुपचाप इनमें सवार होकर विदेश निकल जाते हैं।






**प्रियंका चोपड़ा जोनास**

प्रियंका चोपड़ा अब अमेरिका में रहती हैं और उनके पास निजी विमान है। उनके पति निक जोनास भी अमेरिका के स्टार सेलेब्रिटी हैं। प्रियंका देश-विदेश की यात्राएं इसी विमान से करती हैं। चाहे शूटिंग पर बाहर जाना हो या फिर प्रमोशन या छुट्टियों पर।

**शाहरुख खान**

शाहरुख खान अक्सर विदेश आते-जाते हैं। दुबई में उनके पास शानदार विला है। उन्हें इंडिया में भी शूटिंग के लिए जाना हो तो अपना प्राइवेट प्लेन ही इस्तेमाल करते हैं। इस प्लेन में उनका परिवार और पर्सनल स्टाफ भी सफर करता है।



**अक्षय कुमार**

अक्षय कुमार अक्सर परिवार के साथ विदेश में छुट्टियां मनाने जाते हैं। उनके पास प्राइवेट जेट की खबरें मीडिया में आई थीं। परंतु अक्षय ने इसका खंडन किया। हालांकि कई लोग अब भी मानने को तैयार नहीं कि साल में चार फिल्में करने वाले इस सितारे पास निजी विमान नहीं है।

**अमिताभ बच्चन**


अमिताभ बच्चन लो-प्रोफाइल रहते हैं और ज्यादा शो ऑफ नहीं करते। मगर उनकी लाइफस्टाइल भव्य है और उनके पास भी प्राइवेट जेट है। इस जेट की कीमत 260 करोड़ रुपये बताई जाती है। जिसका इस्तेमाल वह और उनका परिवार करता है।

**अजय देवगन**

अजय देवगन के पास आलीशान घर और गाड़ियां तो पहले से थीं, अब एक मल्टीप्लेक्स चेन भी है। वह बॉलीवुड के चुनिंदा एक्टरों में हैं जिनके पास निजी विमान है। उनके हॉकर 800 छह सीटर विमान की कीमत 84 करोड़ रुपये बताई जाती है।

**सितारे और भी हैं**

बॉलीवुड में अनिल कपूर, सलमान खान, सनी लियोनी, माधुरी दीक्षित और शिल्पा शेट्टी कुंद्रा भी वह स्टार हैं, जिनके पास निजी विमान होने की खबरें आई हैं।






## ना दीपिका ना आलिया, ये बनीं

# इंडिया की हाईएस्ट पेड एक्ट्रेस

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला फिल्मों में भले कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई हैं। लेकिन उन्होंने फैशन, मॉडलिंग और डांस के दम पर खूब नाम कमाया है। इस बार भी उर्वशी रौतेला डांस के दम पर इंडिया की हाईएस्ट पेड एक्ट्रेस बन गई हैं। जी हां... हाल ही में ऐसी खबरें सामने आई हैं कि उर्वशी रौतेला ने एक साउथ इंडियन फिल्म के तीन मिनट के सॉन्ग में परफॉर्म करने के लिए करीब 3 करोड़ की डिमांड रखी है। जिसका मतलब है कि एक्ट्रेस ने 1 मिनट के 1 करोड़ रुपए मांगे हैं...। कान्स फेस्टिवल 2023 में अपने फैशन का जलवा दिखाकर खूब लाइमलाइट में रहने वालीं उर्वशी रौतेला अब 1 मिनट के 1 करोड़ रुपए चार्ज करने की खबर को लेकर छा गई हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, उर्वशी रौतेला बोयापति श्रीनु-राम पोथिनेनी की अपकमिंग फिल्म में एक डांस नंबर करने वाली हैं। कहा जा रहा है कि यह डांस नंबर 3 मिनट का होगा, जिसमें परफॉर्म करने के लिए उर्वशी रौतेला ने 3 करोड़ की मांग रखी है। अगर उर्वशी को यह पेमेंट मिलती है तो इसके बाद वह देश की सबसे ज्यादा पेमेंट पाने वाली एक्ट्रेस बन जाएंगी। बता दें, अभी तक इतनी बड़ी रकम किसी भी एक्ट्रेस को 1 मिनट की परफॉर्मेंस के लिए नहीं दी गई है। इसके अलावा उर्वशी ने साउथ इंडियन मेगास्टार चिरंजीवी की फिल्म वाल्टेयर वीरय्या में डांस परफॉर्मेंस करने के लिए 2 करोड़ रुपए चार्ज किए थे।



# सोमी अली ने बिना नाम लिए भाईजान पर साधा निशाना

**बॉलीवुड** के सुपरस्टार सलमान खान अक्सर अपनी पसर्नल लाइफ की वजह से चर्चा में रहते हैं। सलमान ने अबतक कई एक्ट्रेसेस को डेट किया हैं। हालांकि फिर भी उन्हें अबतक सच्चा प्यार नहीं मिल पाया है। इस बीच सलमान खान को लेकर उनकी एक्स गर्लफ्रेंड सोमी अली ने खुलासा किया है। उन्होंने बिना नाम लिए ही बॉलीवुड के भाईजान पर जमकर निशाना साधा है। सोमी अली ने अपने साथ हुए एब्यूजिव व्यवहार को लेकर बात की है। उनका एक पोस्ट सामने आया है, जिसमें सोमी ने एक से बढ़कर एक खुलासे किए हैं। दरअसल, सोमी अली ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट को अपडेट करते अपनी तस्वीरों के साथ एक बहुत लंबा नोट लिखा है। इस पोस्ट में उन्होंने बॉलीवुड इंडस्ट्री और अपने एब्यूसिव रिलेशनशिप के बारे में बताया है। सोमी ने लिखा, फिर से मुझे इस पोस्ट को डिलीट करने के लिए कहा जाएगा। मानसिक स्थिति पर लोग सवाल उठाएंगे। मेरी शराब पीने की प्रॉब्लम के बारे में बातें की जाएंगी, फिर भी मैं ये जारी रखूंगी क्योंकि आप उस तरह के टॉर्चर से नहीं गुजरे हैं, कोई भी मेरे साथ नहीं खड़ा हुआ क्योंकि मेरा अब्यूजर एक सुपरस्टार था। यहां तक कि तुम्हारे दोस्त भी उसके साथ खड़े थे। वह तुम्हारा करियर बना और बिगाड़ भी सकता है। सोमी अली ने आगे लिखा, एक बहुत प्यारे इंसान ने कहा था कि वो अब्यूजर एक बहुत प्यारा इंसान है।

मैं यहां पर उस अभिनेता को कोट कर रही हूं जिसके लिए मेरे मन में बहुत इज्जत है। लेकिन मैं यह भी जानती हूं कि वह बंधा हुआ क्यों है। है। इस मामले में आप मुझे कभी चुप नहीं कराएंगे और इसका भी अंत होगा, एक डरावनी फिल्म जिसका अंत बहुत अच्छा होगा। बताते चलें कि इसके साथ सोमी ने अपने पोस्ट में सलमान खान, सुभाष घई, जिया खान, बिल कॉस्बी और हार्वे विंस्टीन जैसे हैशटैग का इस्तेमाल किया है।

## शाहिद कपूर ने इंडस्ट्री में किए 20 साल पूरे,

# बयां किया अपना दर्द



**अभिनेता** शाहिद कपूर ने बॉलीवुड में दो दशक पूरे कर लिए हैं। उनके पिता पंकज कपूर की एक खास पहचान है, जबकि उनकी मां नीलिमा अजीम शानदार डांसर-एक्ट्रेस रही हैं। लेकिन शाहिद का जीवन चुनौतियों भरा रहा है। उन्होंने पर्दे एक्स्ट्राज के रूप में डांस किया और हीरो बने। उनके लिए सफलता पाना आसान नहीं रहा। हाल ही में अपने करियर के शुरुआती वर्षों के दौरान आई चुनौतियों के बारे में खुलकर बात की। शाहिद ने खुलासा किया कि हिट फिल्म इश्व विश्क से डेब्यू के बावजूद इंडस्ट्री में लंबे समय तक लोग उन्हें खारिज करते रहे।

**नहीं आई मर्दानगी**

अपने एक ताजा इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि उनकी पर्सनैलिटी के कारण निर्माताओं के लिए उनके लिए सही एक्ट्रेस ढूंढ पाना निर्माता-निर्देशकों के लिए चुनौती थी। उन्होंने कहा कि आज समय बदल चुका है और इंडस्ट्री में आगे बढ़ चुकी है, यही वजह है कि उनके छोटे भाई ईशान खट्टर और उनकी पीढ़ी के लिए चीजें आसान हो गई हैं। मिड-डे के साथ एक साक्षात्कार में, शाहिद कपूर ने खुलासा किया कि इश्क विश्क से सफल शुरुआत करने के बावजूद उनके सामने चुनौतियां थीं। खास तौर पर उनके अपोजिट काम करने वाली हीरोइन की तलाश। उन्होंने बताया कि उनसे कई बार कहा गया: तेरी पिक्चर तो चल गई है, पर तुझे किस हीरोइन के साथ कास्ट करें। फिर ये लोग तीन-चार स्टार एक्ट्रेसेस के नाम लेते और कहते कि तू तो बच्चा लगेगा इनके सामने। तेरे अंदर मर्दानगी नहीं आई अभी। मासी हीरो चाहिए।

शाहिद ने अपने स्ट्रगल की स्टोरी बताते हुए कहा कि उस वक्त मुझे जो भी ऑफर किया जा रहा था, मुझे उसमें से ही चुनना था। भले ही मैं एक सफल अभिनेता था लेकिन सामने वे स्क्रिप्ट आ रही थीं, जो जमे हुए या पुराने अभिनेताओं के लिए लिखी गई थी। शाहिद ने बताया कि कई लोग उनका उत्साह तोड़ने की भी कोशिश करते थे।

उन्होंने बताया कि ऋतिक रोशन मुझसे दो साल पहले आए थे। उनके बाद विवेक ओबेराय आए। शाहिद के अनुसार उन दिनों कुछ लोग मुझसे कहते कि तेरा तो कुछ नहीं होने वाला है क्योंकि इंडस्ट्री 5 साल में सिर्फ एक हीरो को एक्सेप्ट करती है। अभी तो इंडस्ट्री ने 3 साल में दो को एक्सेप्ट कर लिया है। तेरा तो कोई चांस ही नहीं है।

जिस तरह मानसून में हेल्थ की एक्सट्रा केयर करनी जरूरी है, उसी तरह स्किन केयर के लिए इस सीजन में स्किन फास्टिंग करना अच्छा तरीका है। स्किन फास्टिंग क्या है, इससे किस तरह के बेनिफिट्स मिलते हैं, इस दौरान क्या सावधानियां बरतनी चाहिए? इस बारे में बहुत यूजफुल सजेशंस।

# नेचुरल फीलिंग के लिए मानसून में करें स्किन फास्टिंग



ब्यूटी एडवाइस

शहनाज हुसैन

कॉस्मेटोलॉजिस्ट

इस समय देश के अधिकांश हिस्सों में बारिश शुरू हो चुकी है। वैसे तो यह मौसम सुहाना लगता है लेकिन उमस वाली गर्मी का असर हमारे स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। जिस तरह इस सीजन में हेल्थ का ध्यान रखने के लिए एक्सट्रा केयर करनी पड़ती है, उसी तरह स्किन केयर को लेकर भी कॉन्शस होना जरूरी है।

## हो सकती हैं कई प्रॉब्लम्स

बारिश के मौसम में त्वचा से जुड़ी अनेक सौंदर्य समस्याएं देखने को मिलती हैं। कील, मुंहासे, फोड़े, फुंसी, रैशेस आदि स्किन के लिए हार्मफुल साबित होते हैं। इनके उपचार और बचाव के लिए एक्सपर्ट्स अनेक उपाय सुझाते हैं, जिनमें से एक स्किन फास्टिंग ट्रीटमेंट काफी प्रभावी माना जाता है। दरअसल, धूल, धूप, प्रदूषण के अलावा केमिकल बेस्ड मेकअप प्रोडक्ट्स भी स्किन को काफी नुकसान पहुंचाते हैं, जिनके प्रभाव को कम करने के लिए स्किन फास्टिंग बेस्ट है।





## ऐसे होती है स्किन फास्टिंग

स्किन फास्टिंग में स्किन को नेचुरल कंडीशन में रखा जाता है और इस दौरान स्किन को किसी भी ब्यूटी प्रोडक्ट और मेकअप से दूर रखा जाता है, जिससे स्किन को रिलेक्सेशन मिलता है। स्किन फास्टिंग में स्किन को नेचुरली अपना कार्य करने देते हैं, जैसे उसे ब्यूटी प्रोडक्ट्स के बिना करना चाहिए।

## स्किन फास्टिंग के बेनिफिट्स

स्किन फास्टिंग का मुख्य उद्देश्य स्किन की ब्यूटी प्रोडक्ट्स पर निर्भरता को समाप्त करना है लेकिन स्किन फास्टिंग में क्लींजिंग, मॉयश्चराजिंग जैसी बेसिक हाईजीन को जारी रखना चाहिए। स्किन फास्टिंग भी सामान्य डाइट फास्टिंग की तरह ही होती है, जिसमें हम स्किन की जरूरतों के अनुसार फास्टिंग अपनाते हैं। स्किन फास्टिंग एक हफ्ते से लेकर एक महीने तक की जा सकती है। इस दौरान ब्यूटी प्रोडक्ट्स में मौजूद केमिकल्स के स्किन पर प्रभाव को निष्क्रिय करने में सहायता मिलती है। इस दौरान स्किन के नेचुरल सिस्टम को स्ट्रॉन्ग करने में भी मदद मिलती है। साथ ही ब्यूटी प्रोडक्ट्स के ओवरयूज से स्किन में आई इंप्यूरिटीज, डैमेजेज से लड़ने के लिए स्किन का नेचुरल सिस्टम स्ट्रॉन्ग होता है। स्किन फास्टिंग से आपको स्किन के बेसिक नेचर का पता चलता है और यह भी पता चलता है कि स्किन के लिए कौन-सा ब्यूटी प्रोडक्ट यूजफुल है या हार्मफुल है। अगर स्किन फास्टिंग के बाद आप स्किन में कोई बदलाव महसूस करें तो आप यह समझ सकेंगे कि स्किन को किस तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स की जरूरत है।

## स्टेप बाई स्टेप करें फास्टिंग

स्किन फास्टिंग की शुरुआत में रात में फेस को धोकर कोई भी ब्यूटी प्रोडक्ट ना लगाएं। लेकिन सही तरीका यह है कि सभी ब्यूटी प्रोडक्ट्स का उपयोग अचानक बंद ना करें, बल्कि इसे स्टेप बाई स्टेप तरीके से करें। पहले वीक में एक बार स्किन फास्टिंग करें और बाद में स्किन नेचर के अनुरूप इसे बढ़ाते जाएं। सबसे पहले रात में प्रोडक्ट्स का यूज रोक कर स्किन में नेचुरल ऑयल के माध्यम से फ्रेशनेस पैदा होने दें। सुबह उठते ही चेहरे को गुनगुने पानी से धोएं, ताकि स्किन को कोई नुकसान ना पहुंचे। अगर प्रारंभ में स्किन फास्टिंग से स्किन में कोई जलन या परेशानी ना हो तो इसे बढ़ाते जाएं।

## इन बातों का रखें ध्यान

स्किन फास्टिंग हमेशा ब्यूटी एक्सपर्ट की देख-रेख में किया जाना चाहिए। अगर आप कील, मुंहासे, पैच या रैशेज की समस्या से ग्रस्त हैं तो स्किन फास्टिंग ना करें। अगर आप अपनी स्किन की रूटीन को नए सिरे से शुरू करने जा रही हैं तो स्किन फास्टिंग सबसे सही है। इस दौरान भी घर से बाहर निकलने से पहले सनस्क्रीन जरूर अप्लाई करें। *

# फिजिकल-मेंटल हेल्थ का रखती हूं पूरा ध्यान

एक्ट्रेस अंजली ततरारी इन दिनों सोनी सब टीवी के शो 'वंशज' में युविका महाजन का किरदार निभा रही हैं। अंजली एक्टिंग के साथ-साथ अपनी फिटनेस को लेकर भी बहुत एलर्ट रहती हैं। उनका फिटनेस सीक्रेट क्या है, **सहेली** को बता रही हैं, अपनी जुबानी।

फिटनेस फंडा

अंजली ततरारी

मेरा मानना है कि फिटनेस को लेकर सभी लोगों को जागरूक रहना चाहिए क्योंकि हमारी हेल्थ सही रहेगी तभी हम अपनी जिंदगी को अच्छे से जी सकते हैं। इसलिए मैं तो यही कहूंगी कि सभी लोग अपनी फिटनेस के लिए कुछ समय जरूर निकालें और अपनी सुविधानुसार कोई ना कोई एक्सरसाइज डेली जरूर करें। सुबह वॉक पर जाएं। योग, वर्कआउट करें और अपने खाने-पीने का भी ख्याल रखें। इन्हें फॉलो करके ही मैं अपनी फिजिकल और मेंटल हेल्थ का पूरा ध्यान रखती हूं।




**लेती हूं न्यूट्रिशस डाइट:** हमारी हेल्थ पर हमारे खाने पीने का सबसे ज्यादा असर होता है। हम जो खाते हैं, उसका असर हमारे शरीर में दिखने लगता है। मैं पूरी कोशिश करती हूं कि अपनी मम्मी के हाथ का बना घर का खाना ही ज्यादा खाऊं। शूट पर भी मैं घर का खाना ही लेकर जाती रही हूं। लेकिन 'वंशज' की शूटिंग हम उमरगांव में कर रहे हैं जोकि मुंबई से दूर है इसलिए हमारे सेट पर प्रोडक्शन टीम ने हम कलाकारों की डाइट के अनुसार खाने का इंतजाम कर दिया है। इसलिए मैं शूटिंग के साथ-साथ हेल्दी और अपनी डाइट के अनुसार न्यूट्रिशस खाना खा रही हूं।

**मेरी रूटीन डाइट :** मैं रोज सुबह-सुबह पानी में नीबू और शहद मिलाकर पीती हूं। उसके बाद नाश्ता करती हूं, जिसमें पोहा, ओट्स से बनी डिशेज, फल, जूस और कभी-कभी परांठा भी खा लेती हूं। दिन में सिंपल दाल, सब्जी, रोटी और सलाद लेती हूं। शाम को ड्राय फ्रूट्स और रात को बहुत लाइट डिनर करती हूं। जिसमें सूप, सलाद या कभी एक रोटी के साथ दाल या सब्जी बस। मीठा बहुत कम मात्रा में खाती हूं।

**पीती हूं सफीसिएंट लिक्विड:** हमारे शरीर को पानी की बहुत जरूरत होती है, इसलिए दिन भर में मैं सफीसिएंट लिक्विड लेती हूं। जैसे सुबह नीबू पानी विद शहद, उसके बाद फ्रूट्स जूस, नारियल पानी, छांछ, लस्सी या नॉर्मल पानी, पूरा दिन पीती रहती हूं।

**वर्कआउट के साथ योगा:** मैं रोज सुबह योगाभ्यास जरूर करती हूं, जिसमें सूर्य नमस्कार के अलावा और भी कई योगासन शामिल हैं। वीक में तीन-चार दिन मैं जिम जाकर वर्कआउट करती हूं। इसके अलावा अगर घर में मौका मिलता है तो घर में भी कुछ स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज कर लेती हूं। रोज एक घंटा डांस करती हूं। डांस मुझे बहुत पसंद है और यह फिटनेस के लिए भी बहुत जरूरी है। डांस से आपकी पूरी बॉडी की एक्सरसाइज हो जाती है। यह वेट को भी मेंटेन रखता है। इसके अलावा मैं लिफ्ट का इस्तेमाल बहुत कम करती हूं सीढ़ियां यूज करती हूं। घर की सीढ़ियों पर भी कई बार चढ़ती-उतरती रहती हूं।

**म्यूजिक से रखती हूं मन को शांत:** बॉडी के साथ-साथ माइंड का स्वस्थ रहना भी बहुत जरूरी है। मेरे दिन की शुरुआत मेरे प्रिय भजन 'हे राम...' को सुनकर होती है। मैं धार्मिक इंसान हूं, इसलिए सुबह अपने घर पर बने मंदिर में पूजा जरूर करती हूं, इससे मेरे मन को बहुत शांति मिलती है। इसके अलावा मुझे म्यूजिक का भी बहुत शौक है। अकसर हमारे घर में पुराने गाने बजते रहते हैं। इससे मन रिलैक्स रहता है। *



एक्सरसाइज / डॉ.माजिद अलीम


# फिट रहने का ईजी फंडा स्टेयर क्लाइंबिंग



इस मौसम में अगर बारिश की वजह से या अन्य किसी कारण से आप मॉर्निंग वॉक नहीं कर पा रही हैं तो घर या ऑफिस की सीढ़ियों पर चढ़ने-उतरने यानी स्टेयर क्लाइंबिंग की ईजी एक्सरसाइज कर सकती हैं।

जिन लोगों को रेग्युलर मॉर्निंग वाक की आदत होती है, वे लोग बारिश के चिपचिपे मौसम में परेशान हो जाते हैं कि अब वे अपनी मॉर्निंग वॉक कैसे कर सकेंगे? लेकिन अगर आप एक ऐसे घर में रहती हैं, जो दो या तीन मंजिल का है तो उसकी सीढ़ियों यानी स्टेयर्स का इस्तेमाल मॉर्निंग वाकिंग के लिए कर सकती हैं।

**लिफ्ट का ना करें यूज :** सीढ़ियां चढ़ना और उतरना हमारे रोजमर्रा की दिनचर्या का आम हिस्सा है। दफ्तर, घर, अस्पताल सभी जगहों में सीढ़ियां होती हैं। हालांकि कई जगहों पर स्वचालित सीढ़ियां यानी एक्सेलेटर भी लगी होती हैं। लेकिन जब आपको सीढ़ियों से चढ़ना, उतरना एक्सरसाइज की तरह इस्तेमाल करना हो तो एक्सेलेटर के इस्तेमाल से बचें, इसी तरह दूसरी-तीसरी मंजिल के दफ्तर में जाने के लिए लिफ्ट का भी इस्तेमाल ना करें।



**ऐसे है फायदेमंद :** स्टेयर क्लाइंबिंग, हाई इंटेंसिटी एक्सरसाइज है, जो बहुत आसान है। स्टेयर क्लाइंबिंग के अनगिनत फायदे हैं, मसलन- इसके लिए किसी विशेष उपकरण की आवश्यकता नहीं होती है। स्टेयर क्लाइंबिंग किसी भी वक्त 30 मिनट तक किया जा सकता है, एयरोबिक कैपेसिटी बढ़ने से हार्ट, लंग्स और ब्लड वेसेल हेल्दी हो जाते हैं। इससे वेट कंट्रोल होता है और कोलेस्ट्रॉल लेवल संतुलित रहता है।

इससे ऑस्टियोअर्थराइटिस होने की आशंका घट जाती है। इससे आत्मविश्वास बढ़ता है। सोच भी सकारात्मक होती है। शारीरिक क्रियाकलापों में थकान कम महसूस होती है यानी ऊर्जा बढ़ती है। निरंतर सीढ़ियां चढ़ने और उतरने से तुरंत हार्ट रेट बढ़ जाता है। फलस्वरूप हृदय संबंधी रोग होने की आशंका कम होती है। इतना ही नहीं फ्लैग्जिबिलिटी भी पैदा होती है। विशेष तौर पर थाई, हिप आदि में दर्द नहीं होता। विशेषज्ञ कहते हैं कि स्टेयर क्लाइंबिंग से शरीर का लगभग हर हिस्सा एक्टिव रहता है। इससे हेल्थ अच्छी रहती है।

**इन बातों का रखें ध्यान :** अगर आप रेग्युलर स्टेयर क्लाइंबिंग शुरू करने वाली हैं तो कुछ बातों पर गौर करें।

- पहले कुछ वार्मअप्स भी करें ताकि शरीर सीढ़ियां चढ़ने और उतरने के लिए तैयार हो सके।
- स्टेयर क्लाइंबिंग के दौरान ध्यान रहे कि अपने दोनों हाथों को हिलाते हुए चलें, ताकि एक्सट्रा कैलोरी बर्न हो।
- सीढ़ियों पर चलते वक्त धीरे से शुरुआत करें। अगर आप ओवर वेटेड हैं तो कम से कम 20 से 25 मिनट तक चढ़ें और उतरें।
- चलते वक्त स्ट्रेट होकर चढ़ें और उतरें।
- अपनी आंखों के लेवल में सामने देखें।
- सीढ़ियों से छलांग मारने के बजाय स्टेप बाई स्टेप ही चढ़ें।
- जल्दी-जल्दी चढ़ने या उतरने की कोशिश ना करें। अपने पूरे पैर को सीढ़ी पर रखते हुए आगे की ओर बढ़ें।
- यदि शुरुआत में नियमित चलने में दिक्कत हो तो हफ्ते में तीन या चार दिन चलकर स्टेयर क्लाइंबिंग की शुरूआत की जा सकती है।
- पर्याप्त पानी पीकर इसे शुरू करें।
- जूते अच्छी क्वालिटी के पहनकर ही स्टेयर क्लाइंबिंग करें अन्यथा पैरों में चोट लग सकती है। *

कई महिलाएं हेयर फॉलिंग की प्रॉब्लम से परेशान रहती हैं। इसके लिए कई तरह के प्रोडक्ट्स और ट्रीटमेंट भी लेती हैं। अगर ऐसा करने के बाद भी आपको लाभ नहीं मिल रहा है तो यहां बताए जा रहे होम रेमिडीज को अप्लाई कर सकती हैं।

# हेयर फॉलिंग रोकने के इफेक्टिव होम रेमिडीज



हेयर केयर / सरिता गुप्ता

अपने बालों की देखभाल करना उतना ही जरूरी है, जितना आप अपनी त्वचा और स्वास्थ्य की देखभाल करती हैं। दरअसल, सॉफ्ट, शाइनी और स्ट्रॉन्ग बाल आपके लुक को इंप्रेसिव बनाते हैं, इस तरह आपके कॉन्फिडेंस को भी बढ़ाते हैं। इसलिए लगभग सभी महिलाएं अपने बालों का खास ख्याल रखती हैं। बालों की देखभाल के लिए महिलाएं अकसर हेयर सैलून में जाती हैं लेकिन हर बार सैलून जाना संभव नहीं होता और आपके लिए महंगा भी पड़ सकता है। ऐसे में आपके किचेन में मौजूद कुछ नेचुरल चीजों का यूज करके भी अपने बालों को चमकदार और स्वस्थ बना सकती हैं। इससे आपकी हेयर फॉलिंग की प्रॉब्लम भी दूर हो जाएगी।

## जिंजर वाटर हेयर स्प्रे

अदरक यानी जिंजर के एंटीबैक्टीरियल और एंटी फंगल गुणो के कारण यह गले में खराश और सर्दी का इलाज करने में तो कारगर होता ही है, साथ ही यह बालों के लिए भी बेहद फायदेमंद होता है। यह बालों से डैंड्रफ की समस्या और खुजली को दूर करता है।



इसका स्प्रे बनाने के लिए अदरक को अच्छे से पीस लें और उसमें एक कप पानी डालकर इस मिश्रण को उबाल लें और इसे रंग बदलने तक पकने दें। अब इसे ठंडा करके स्प्रे बोतल में छानकर भर लें। अब स्प्रे बोतल से बालों की जड़ों और स्कैल्प में अच्छी तरह स्प्रे करें और मालिश करें। चार-पांच घंटे बाद एंटी डैंड्रफ शैंपू से बालों को धो लें। अच्छे रिजल्ट के लिए हफ्ते में दो बार इसे इस्तेमाल कर सकती हैं।

## नीबू-एलोवेरा मास्क

नीबू में विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है, जो कोलैजन उत्पादन को बढ़ाकर आपके बालों की ग्रोथ बढ़ाता है। नीबू और एलोवेरा से बाल टूटने की समस्या को भी कम किया जा सकता है। इनका मास्क बनाने के लिए एलोवेरा जैल में आधा नीबू का रस निचोड़ें और पतला पेस्ट बना लें। इस



मास्क को अपने बालों की जड़ों, स्कैल्प और लंबाई में अच्छी तरह से लगाकर मालिश करें। बीस मिनट बाद शैंपू कर लें। यह मास्क बालों में जमी गंदगी, डैंड्रफ और तेल को साफ करने में मदद करता है। इससे हेयर फॉलिंग रुकती है।

## अंडे-दही का मास्क

बालों को बाउंसी और सॉफ्ट लुक देने के लिए आप अंडे और दही का मास्क लगा सकती हैं। अंडे में बायोटिन और फोलेट भरपूर मात्रा में होते हैं, जो आपके बालों को पोषण देकर मजबूत करते हैं। मास्क बनाने के लिए दो अंडे की जर्दी में थोड़ा दही और कुछ बूंदें शहद की मिलाकर बालों की जड़ों, स्कैल्प और बालों की लंबाई पर लगाएं। तीस मिनट बाद शैंपू कर लें। इससे बाल शाइनी-सॉफ्ट हो जाएंगे।

## जैतून तेल-प्याज रस मास्क

प्याज के रस का उपयोग बालों के झड़ने की समस्या को दूर



करता हैं। प्याज में सल्फर और एंटीऑक्सीडेंट्स की भरपूर मात्रा होने के कारण बाल टूटने और समय से पहले सफेद होने से भी रोकता है। मास्क बनाने के लिए दो भाग जैतून तेल और एक भाग प्याज का रस अच्छी तरह मिला लें। अब इसे थोड़ा गुनगुना करके बालों पर लगा कर मालिश करें। कुछ देर बाद शैंपू कर लें। यह आपके बेजान बालों को पोषण देता है। *

अगर आप प्रेग्नेंसी प्लान कर रही हैं या हाल में प्रेग्नेंट हुई हैं तो आपको डॉक्टर से लगातार कंसल्ट करते रहना चाहिए। उनके बताए हुए मेडिकल टेस्ट बिना डरे या घबराए जरूर कराने चाहिए। इस बारे में डिटेल में जानिए।

# ना घबराएं-जरूर कराएं प्रेग्नेंसी मेडिकल टेस्ट

हेल्थ एडवाइस

नीलम अरोड़ा

गर्भवती महिला और उसके पेट में पल रहा बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ रहे, इसके लिए जरूरी है कि गर्भावस्था के दौरान (कंसीव करने से डिलीवरी तक) गर्भवती महिला, डॉक्टर की देखरेख में रहे, ताकि समय-समय पर स्वास्थ्य संबंधी जरूरी टेस्ट होते रहें। इससे किसी भी समस्या का समय रहते उपचार किया जा सकता है और स्वस्थ बच्चे का जन्म होना सुनिश्चित होता है। गर्भवती महिलाओं से अगर चेकअप के दौरान डॉक्टर उनसे पूर्व में हुई किसी बीमारी के बारे में पूछते हैं तो उन्हें पूरी ईमानदारी से सब कुछ विस्तार से बताना चाहिए। अगर वे ना भी पूछें तो भी अपनी हर हेल्थ प्रॉब्लम के बारे में उन्हें जरूर बता दें।

## मेन टेस्ट-मेडिकल एग्जामिनेशन

सामान्य प्रेग्नेंसी के दौरान कम से कम 5 बार मेडिकल एग्जामिनेशन करवाना चाहिए। शुरू के पांच महीने में 2 बार और प्रेग्नेंसी के अंतिम तीन महीनों में कम से कम एक-एक बार डॉक्टर के पास जरूर जाएं। प्रत्येक बार डॉक्टर से मिलने पर वे आपका वजन, रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, यूरीन और डायबिटीज चेक करेंगे। विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट भी किए जा सकते हैं, जिससे होने वाले संक्रमण का पता चल सके और समय रहते उपचार किया जा सके।

## अल्ट्रासोनोग्राफी

अल्ट्रासोनोग्राफी से गर्भ में पल रहे भ्रूण की जांच में काफी सहायता मिलती है। इसमें तीव्र आवृत्ति वाली किरणों को महिला के पेट पर केंद्रित किया जाता है ताकि गर्भस्थ शिशु की तस्वीर और गर्भनाल का अध्ययन किया जा सके। अल्ट्रासाउंड मशीन के इस परीक्षण की सहायता से गर्भवती महिला के पेट में पल रहे भ्रूण के विकास का आकलन भी किया जा सकता है, जिसको गर्भधारण के 5 सप्ताह पश्चात आसानी से देखा जा सकता है। यह बहुत ही उपयोगी, सुरक्षित तरीका है। जिससे बच्चे के विकास के साथ-साथ उसकी पहचान और विकास में होने वाली कमी को भी देखा जा सकता है।



गर्भनाल की स्थिति और निषेचित भ्रूण की गुणवत्ता भी परखी जा सकती है। गर्भावस्था में उच्च रक्तचाप का सही आकलन भी इससे किया जाता है। यह सुरक्षित तकनीक है लेकिन विशेषज्ञ की सलाह पर ही इसको कराना चाहिए।



## ब्लड टेस्ट भी है जरूरी

जिन महिलाओं में मिसकैरिज होने का खतरा अधिक रहता है, गर्भधारण के 15-16 सप्ताह में उनके ब्लड सैंपल की जांच के द्वारा एल्फा फेटोप्रोटीन, कोरयोनिक गोनेडोट्रोपिन (एचसीजी) और स्ट्रियोल का आकलन करके डाउन सिंड्रोम की स्थिति का परीक्षण किया जाता है। यदि महिला का भ्रूण, डाउन सिंड्रोम से ग्रस्त है तो उसका सीरम एचसीजी स्तर बढ़ा हुआ होता है।

## एम्नियोसेंटेसिस

इस प्रक्रिया के दौरान अल्ट्रासाउंड के मार्गदर्शन से एक लंबी निडिल मां के पेट में डालकर भ्रूण से एक एसिड सैंपल को प्राप्त किया जाता है। प्रेग्नेंसी के 14-16 हफ्तों के बीच यह प्रक्रिया की जा सकती है। इस एसिड का प्रयोग यह अनुमान लगाने में किया जाता है कि एल्फा-फिटोप्रोटीन और भ्रूण कोशिका, गुणसूत्रों के लिए सही है या नहीं है। इस प्रक्रिया के द्वारा जन्मजात होने वाली विकृति जैसे डाउन सिंड्रोम इत्यादि का पता लगाया जा सकता है।

कहने का मतलब है कि प्रेग्नेंसी के दौरान हर महिला को बहुत केयरफुल रहना चाहिए और डॉक्टर के बताए सभी टेस्ट जरूर करवाने चाहिए। *

# भारत के लक्ष्य सेन ने जीता साल का पहला खिताब



## फाइनल में चीन के फेंग को हराकर कनाडा ओपन चैंपियन बने

**कैलगरी (एजेंसी)।** होनहार भारतीय शटलर लक्ष्य सेन ने साल का पहला खिताब जीतते हुए कनाडा ओपन सुपर 500 इवेंट के फाइनल में चीन के ली शी फेंग को 2-0 से मात दी।

उत्तराखंड के अल्मोड़ा से आने वाले 21 वर्षीय लक्ष्य ने अपनी गति और ताकत का बेहतरीन मिश्रण करते हुए 50 मिनट में यूथ ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट फेंग को 21-18, 22-20 से हराया। लक्ष्य ने मुकाबले की सतर्क शुरुआत की और कोर्ट के विपरीत छोर पर स्मैश मारते हुए 23 वर्षीय फेंग को परेशान किया। लक्ष्य के 6-2 से आगे निकल जाने के बाद फेंग ने 15-15 के स्कोर पर बराबरी की, लेकिन लक्ष्य ने अगले तीन पॉइंट जल्दी हासिल किए और फेंग को दोबारा वापसी का मौका नहीं दिया। दूसरे सेट में फेंग ने मैच की शुरुआत भले ही 5-5 की बराबरी पर हुई लेकिन फेंग ने ब्रेक तक 11-7 की बढ़त बना ली। वापसी की कोशिश में लक्ष्य स्कोर को 13-14 तक लाये, लेकिन फेंग ने अपनी आक्रामकता बरकरार रखी और 20-16 पर गेम पॉइंट हासिल कर लिया। भारतीय युवा ने इस समय अपने कौशल के सर्वोत्तम स्तर का प्रदर्शन किया। लक्ष्य ने एक और स्मैश मारकर स्कोर 20-20 पर बराबर कर लिया। लक्ष्य ने एक लंबी रैली का अंत फेंग के शरीर पर एक सटीक शॉट मारकर किया और जोरदार स्मैश के दम पर 22वां पॉइंट हासिल करते हुए चैंपियनशिप जीत ली। महिलाओं एकल में जापान की अकाने यामागुची ने फाइनल में थाईलैंड की रत्चानोक इंतानोन को 21-19, 21-16 से हराया।

### जीत के बाद लक्ष्य बोले, मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं

खिताबी जीत के बाद लक्ष्य ने कहा, मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। ओलंपिक क्वॉलीफिकेशन वर्ष में यह कठिन था क्योंकि चीजें मेरे अनुरूप नहीं थीं। इसलिए इस जीत से मेरा आत्मविश्वास बढ़ेगा। मुझे कुछ मैचों में अपना पूरा दमखन लगाना पड़ा। यहां की परिस्थितियां अलग थीं और इसका आदी होना महत्वपूर्ण था। यह मेरे लिए एक अद्भुत सप्ताह रहा है। जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ा, मैं बेहतर होता गया, मैं परिस्थितियों का आदी हो गया और सेमीफाइनल और फाइनल मेरी रणनीति कारगर रही।

### लक्ष्य सेन 2023 में बीडब्ल्यूएफ में स्वर्ण पदक जीतने वाले तीसरे भारतीय एकल खिलाड़ी बने

अगस्त 2022 में राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन बनने के बाद यह लक्ष्य का पहला स्वर्ण पदक है। वह प्रियांशु राजावत (ऑर्लिन्स मास्टर्स, अप्रैल 2023) और एचएस प्रणय (मलेशिया मास्टर्स, मई 2023) के बाद इस साल भारत के लिए बीडब्ल्यूएफ स्वर्ण जीतने वाले तीसरे एकल खिलाड़ी हैं। खराब फॉर्म के कारण लक्ष्य विश्व रैंकिंग में छठे स्थान से 25वें स्थान पर फिसल गए थे, लेकिन उन्होंने विश्व नंबर 10 फेंग के खिलाफ अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। भारतीय शटलर अब मंगलवार से शुरू होने वाले बीडब्ल्यूएफ अमेरिकी ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए अमेरिका रवाना होंगे।

### पुरुष एकल का खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय

कनाडा ओपन चैंपियनशिप में पुरुष एकल का खिताब जीतने वाले लक्ष्य दूसरे ही भारतीय हैं। उनसे पहले 2016 में बी साई प्रणीत ने पुरुष एकल का खिताब जीता था। 2016 में ही पुरुष युगल में मनु अत्री और बी सुमित रेड्डी की जोड़ी ने भी खिताब जीता था। 2015 में महिला युगल में ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी ने खिताब जीता था।

# भारत ने डोमिनिका में शुरू किया अभ्यास

## विराट कोहली, जायसवाल, गिल, रहाणे और जडेजा ने नेट्स पर बहाया पसीना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम ने विंडीज के खिलाफ 12 जुलाई से खेले जाने वाले पहले टेस्ट के लिए डोमिनिका में प्रैक्टिस शुरू कर दी है।

मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की अगुआई में भारतीय टीम सोमवार को मैदान पर उतरी। इस दौरान विराट कोहली, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, अजिंक्य रहाणे, रवींद्र जडेजा ने बल्लेबाजी करते हुए नेट्स पर पसीना बहाया। वहीं मोहम्मद सिराज, जयदेव उनादकट ने जमकर गेंदबाजी की। कोच द्रविड़ से रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन टिप्स लेते नजर आए। टीम के कप्तान रोहित शर्मा अभ्यास करने नहीं आए। बताया जा रहा है कि यह टीम का ऑप्शनल ट्रेनिंग सेशन था और इसलिए रोहित ने आराम करने का फैसला किया। उनके अलावा अधिकतर खिलाड़ियों ने अभ्यास किया।

भारत ने टेस्ट सीरीज के लिए नए खिलाड़ियों को भी मौका दिया है। भारत ने विकेटकीपर बल्लेबाज श्रीकर भरत भरोसा जताया है। भरत का घरेलू मैचों में अच्छा रिकॉर्ड रहा है। अब उनके पास टीम में जगह पक्की करने का अच्छा मौका है। भारत ने यशस्वी जायसवाल और ऋतुराज गायकवाड़ को भी टीम में जगह दी है। वहीं नवदीप सैनी भी टीम का हिस्सा हैं। जायसवाल को प्लेइंग इलेवन में जगह मिलना लगभग तय है। भारतीय टीम वेस्टइंडीज दौरे का आगाज 12 जुलाई को दो मैचों की टेस्ट सीरीज से करेगी। पहला टेस्ट मैच 12 से 16 जुलाई तक विंडसर पार्क, डोमिनिका में खेला जाएगा। दूसरा टेस्ट मैच 20 से 24 जुलाई तक क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद में आयोजित होगा। इसके बाद 27 और 29 जुलाई को दो वनडे बारबडोस के केंसिंग्टन ओवल मैदान पर इसके बाद एक अगस्त को त्रिनिदाद एंड टोबैगो में तीसरा और आखिरी वनडे होगा। 3 अगस्त से त्रिनिदाद में ही 5 मैचों की टी-20 सीरीज भी शुरू हो जाएगी।

## भारतीय टीम ने की फील्डिंग की खास प्रैक्टिस

बीसीसीआई ने सोमवार को खिलाड़ियों का अभ्यास करते हुए एक वीडियो पोस्ट किया है। जिसमें विराट कोहली,अजिंक्य रहाणे सहित कई खिलाड़ी एक अलग ड्रिल कर रहे हैं। वीडियो में केएस भरत, इशान किशन, विराट कोहली, शुभमन गिल, अजिंक्य रहाणे और रविचंद्रन अश्विन नजर आ रहे हैं। बीसीसीआई ने वीडियो को पोस्ट करते हुए कैप्शन में भी लिखा है कि यह एक कलरफुल फील्डिंग प्रैक्टिस है। वीडियो में सभी खिलाड़ी एक घूमती हुई चीज को बार-बार पकड़ने की कोशिश कर रहे हैं। बीसीसीआई के द्वारा शेयर किए गए वीडियो में एक कलरफुल चीज को खिलाड़ी पकड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उसे पकड़ने वाला खिलाड़ी पहले अपना कलर चुन लेता है और उसके बाद उसी कलर के हिस्से को पकड़ने की कोशिश कर रहा है। टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने यहे प्रैक्टिस अपनी आंखों और रिफ्लेक्सेस को शार्प करने के लिए ये ड्रिल की। टीम इंडिया की स्लिप फील्डिंग ज्यादा अच्छी नहीं है और इस ड्रिल से खिलाड़ियों को स्लिप में कैचिंग में फायदा होगा। टीम इंडिया इस तरह की प्रैक्टिस डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले भी की थी, लेकिन डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारत की लचर फील्डिंग देखी गई थी।



## विराट कोहली ने द्रविड़ के साथ तस्वीर शेयर कर लिखा इमोशनल नोट



भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने डोमिनिका टेस्ट से पहले भारतीय कोच राहुल द्रविड़ के साथ एक तस्वीर के साथ भावुक पोस्ट साझा की। कोहली जब आखिरी बार इस मैदान पर खेले थे तो राहुल द्रविड़ टीम का हिस्सा था, मगर अब उन्होंने बतौर कोच इस मैदान पर एंट्री की है। कोहली ने द्रविड़ के साथ तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, 2011 में डोमिनिका में खेले गए आखिरी टेस्ट में केवल दो लोग ही शामिल थे। कभी नहीं सोचा था कि यह यात्रा हमें अलग-अलग क्षमताओं में यहां वापस लाएगी। अत्यधिक आभारी। विराट कोहली 12 साल बाद इस मैदान पर वापसी कर रहे हैं। कोहली ने यहां आखिरी मैच 2011 में खेला था। वह कोहली के करियर की शुरुआत थी और उस दौरान अपनी छाप छोड़ने में नाकाम रहे थे। कोहली ने पहली पारी में 30 रन बनाए थे।

# ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर जल्द ले सकते हैं टेस्ट क्रिकेट से संन्यास

## पत्नी कैंडिस ने इमोशनल पोस्ट कर दिए संकेत



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड एशेज 2023 में शानदार प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। उन्होंने तीन मैचों में केवल एक अर्धशतक लगाया है। ऑस्ट्रेलिया को तीसरे टेस्ट में मिली हार के बाद वॉर्नर अगले मैच से बाहर किया जा सकता हैं। वॉर्नर का टेस्ट क्रिकेट में खराब फॉर्म जारी है।

इसी बीच वॉर्नर की पत्नी कैंडिस की एक पोस्ट काफी चर्चा में है, जिससे फैंस की धड़कनें बढ़ गई हैं। तीसरे टेस्ट के बाद कैंडिस ने अपने आधिकारिक इंस्टग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वॉर्नर पत्नी और बच्चों के साथ नजर आ रहे हैं। कैंडिस ने कैप्शन में लिखा, टेस्ट क्रिकेट टीम के साथ टूर करते हुए हमारे एक युग का अंत हो गया है। यह बेहद मजेदार रहा। हमेशा के लिए आपकी सबसे बड़ी सपोर्टर और आपकी गर्ल गैंग। इस पोस्ट के बाद क्रिकेट प्रशंसकों को वॉर्नर के संन्यास लेने के आसार दिखाई दे रहें हैं। लव यू डेविड वॉर्नर। 36 वर्षीय वॉर्नर काफी समय पहले अपने टेस्ट रिटायरमेंट प्लान का खुलासा कर चुके हैं। उन्होंने बताया था कि वह जनवरी 2024 में सिडनी में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैच खेलने के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेंगे। सिडनी वॉर्नर का गृहनगर है।

## देवधर ट्रॉफी में राणा करेंगे उत्तर क्षेत्र की कप्तानी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के वामहस्त बल्लेबाज नीतीश राणा को 24 जुलाई से पुडुचेरी में होने वाली देवधर ट्रॉफी के लिये उत्तर क्षेत्र टीम का कप्तान बनाया गया है। राणा आईपीएल 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान थे और उन्होंने लीग चरण के 14 मैचों में तीन अर्धशतक जड़े थे। केकेआर हालांकि टूर्नामेंट में सातवें स्थान पर रही थी। अभिषेक शर्मा, विकेटकीपर-बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह और हर्षित राणा को भी 15 सदस्यीय टीम में जगह मिली है। यह तिकड़ी 13 से 23 जुलाई के बीच श्रीलंका में होने वाले इमर्जिंग टीम एशिया कप के लिये भारतीय टीम का भी हिस्सा है। अगर भारत इमर्जिंग टीम एशिया कप के फाइनल में में पहुंचता है तो ये तीनों खिलाड़ी देर से उत्तर क्षेत्र टीम में शामिल होंगे।

**उत्तर क्षेत्र टीम :** नितीश राणा (कप्तान), अभिषेक शर्मा, प्रभसिमरन सिंह, एसजी रोहिल्ला, एस खजूरिया, मनदीप सिंह, हिमांशु राणा, विवरांत शर्मा, निशांत सिंधु, ऋषि धवन, युद्धवीर सिंह, संदीप शर्मा, हर्षित राणा, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे। अतिरिक्त खिलाड़ीः मयंक डागर, मयंक यादव, अर्सलान खान, शुभम अरोड़ा, युवराज सिंह, मनन वोहरा, आकिब नबी, शिवांक वशिष्ठ।

## एशिया जूनियर चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती समाप्त

**नई दिल्ली।** बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप के टीम इवेंट में भारत की यात्रा सोमवार को क्वॉर्टरफाइनल में इंडोनेशिया के खिलाफ 1-3 की हार के साथ समाप्त हुई। मिश्रित युगल मुकाबले में समरवीर और राधिका की भारतीय जोड़ी को एड्रियन और फेलिशा के हाथों 16-21, 15-21 की हार का सामना करना पड़ा। आयुष शेट्टी ने अलवी फरहान के खिलाफ लड़कों के एकल मैच में अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन वह 21-18, 15-21, 19-21 की करीबी हार नहीं टाल सके। रक्षिता श्री एस ने रुजाना के खिलाफ लड़कियों के रोमांचक एकल मैच में अपने असाधारण प्रदर्शन से भारत की उम्मीदों को फिर से जीवंत कर दिया। उन्होंने अछूत संयम का प्रदर्शन करते हुए 21-18, 10-21, 23-21 से जीत हासिल की और टाई स्कोर 2-1 कर दिया। लड़कों के युगल मैच में हालांकि दिव्यम और मयंक की हार से भारत का अभियान समाप्त हो गया। भारतीय जोड़ी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया लेकिन अंततः इंडोनेशिया के मोहम्मद और जोक्वीन ने 21-10, 15-21, 21-12 से जीत हासिल कर ली।भारत के युवा शटलर अब 12 जुलाई को अपने व्यक्तिगत अभियान की शुरुआत करेंगे।

## मुक्केबाजी चैंपियनशिप: निखिल,रोनित की मजबूत शुरुआत

**ईटानगर।** उभरते हुए युवा मुक्केबाज निखिल नंदल और रोनित टोकस ने पांचवीं जूनियर बॉयज राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के शुरुआती दिन अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की है। चैंपियनशिप के पहले दिन रविवार को चंडीगढ़ के निखिल (50 किग्रा वर्ग) ने बिहार के रौशन कुमार को 4-1 से हराया। निखिल के विपरीत दिल्ली के रोनित (66 किग्रा) को ज्यादा पसीना नहीं बहाना पड़ा और वह पहले राउंड में आरएससी (रेफरी द्वारा प्रतियोगिता रोका जाना) के माध्यम से केरल के अनंत कृष्णा को हराने में सफल रहे। इस बीच, हरियाणा के ध्रुव (52 किग्रा) और अमन दास अहलावत (63 किग्रा) ने पहले चरण में राज्य के दबदबे का प्रदर्शन किया। ध्रुव ने जहां उत्तर प्रदेश के रवि गोंड को 4-1 से हराया, वहीं अमन ने आरएससी के फैसले से मेघालय के रंग आई मैन लैमिन को आसानी से शिकस्त दी। शानदार लय में नजर आये चंडीगढ़ के अरमान (57 किग्रा) ने सिक्किम के रीवाश राय के खिलाफ 5-0 की जीत हासिल की। पंजाब के हर्षजोत सिंह (75 किग्रा) ने आक्रामकता का प्रदर्शन करते हुए दूसरे दौर में तमिलनाडु के एस. देवसरन को आरएससी के फैसले से हराया।

## भारतीय पैरा निशानेबाज रुद्रांश ने जीता स्वर्ण



**ओसियेक।** भारत के पैरा निशानेबाज रुद्रांश खंडेलवाल और निहाल सिंह ने विश्व निशानेबाजी पैरा खेल (डब्ल्यूएसपीएस) विश्व कप में पी4 मिश्रित 50 मीटर पिस्टल एसएच1 वर्ग में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता।

सोलह वर्षीय रुद्रांश ने फाइनल में 231.1 अंक हासिल कर विश्व रिकॉर्ड बनाया। वहीं निहाल 222.2 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। रुद्रांश ने मनीष नारवाल का रिकॉर्ड तोड़ा। जिन्होंने टोक्यो पैरालंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। निहाल क्वालिफिकेशन दौर में 536 अंक बनाकर शीर्ष पर रहे थे जबकि रुद्रांश 529 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर थे। इन दोनों के अलावा भारत के दो अन्य निशानेबाज फ्रांसिस रुबीना और राहुल जाखड़ भी आठ खिलाड़ियों के फाइनल में पहुंचे थे। रुबीना 158.5 अंक लेकर पांचवें जबकि जाखड़ 142 अंकों के साथ छठे स्थान पर रहे। इस बीच आर3 मिश्रित 10 मीटर एयर राइफल प्रोन एसएच1 स्पर्धा में टोक्यो ओलंपिक में भारत की पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता अवनी लेखारा 168 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रहीं।

## रिकर्व में भारत के पहले यूथ विश्व चैंपियन बने पार्थ



**लिमरिक (एजेंसी)।** युवा तीरंदाज पार्थ सालुंखे कोरिया के सॉन्ग इन जुन की कड़ी चुनौती को पार करते हुए विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में रिकर्व अंडर-21 पुरुष एकल खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। पार्थ ने रिकर्व फाइनल में जुन को 7-1 से हराकर विश्व चैंपियन का तमगा हासिल किया। अपने कोरियाई प्रतिद्वंदी के विरुद्ध पार्थ ने दो बार पिछड़ने के बाद वापसी की और दो सटीक निशाने लगाते हुए पांच राउंड का मुकाबला 26-26, 25-28, 28-26, 29-26, 28-26 से जीत लिया। इसी बीच, भजन कौर ने चीनी ताइपे की सू सिन-यू को 7-1 से हराकर महिलाओं का अंडर-21 रिकर्व कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय तीरंदाजों ने छह स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य सहित कुल 11 पदकों के साथ विश्व यूथ चैंपियनशिप का समापन किया।

विंबलडन

## चेक गणराज्य के जिरी लेहेका हुए रिटायर, रूस की एकतेरीना एलेक्जेंड्रा और पोलैंड के हर्काज हारे

# जोकोविच, मेदवेदेव और इगा क्वॉर्टरफाइनल में



**लंदन (एजेंसी)।** अपना 24वां ग्रैंड स्लैम खिताब तलाश रहे नोवाक जोकोविच, रूस के डेनिल मेदवेदेव और वर्ल्ड नंबर-1 पोलैंड की महिला खिलाड़ी इगा स्वियातेक नेवबलडन 2023 में अपने-अपने मुकाबले जीतकर क्वॉर्टरफाइनल में प्रवेश किया।

सेंटर कोर्ट पर रविवार को दो सेट की बढ़त ले चुके जोकोविच ने पोलैंड के यूबर्ट हर्काज की कड़ी चुनौती को पार करते हुए 7-6(6), 7-6(6), 5-7, 6-4 से जीत दर्ज की। तीसरी सीड मेदवेदेव ने चेक गणराज्य के जिरी लेहेका के रिटायर होने के बाद पहली बार विंबलडन क्वॉर्टरफाइनल में कदम रखा। मेदवेदेव शुरुआती दो सेट जीतकर 6-4, 6-2 से आगे चल रहे थे, जब लेहेका ने दाहिने पांव में छाले होने के कारण मुकाबला छोड़ने का फैसला लिया। पिछले चरण में अमेरिका के टॉमी पॉल के खिलाफ करीब चार घंटे का मुकाबला खेलने वाले लेहेका ने पहले सेट के बाद भी एक प्रशिक्षक से अपने छालों का निरिक्षण करवाया था। इस बीच, दूसरी सीड जोकोविच को हर्काज़ की सर्विस ने दूसरे दिन भी परेशान किया, लेकिन वह तीसरा सेट हारने के बाद चौथे सेट में मजबूत कर मुकाबला जीतने में कामयाब रहे। जोकोविच ने जीत के बाद कहा, एक अद्भुत मैच खेलने के लिए यूबर्ट को श्रेय जाता है। उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। ईमानदारी से कहूं तो मुझे याद नहीं है कि पिछली बार मुझे इतनी अविश्वसनीय रूप से सटीक और शक्तिशाली सर्विस के कारण परेशानी कब महसूस हुई थी। वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ सर्विस देने वाले खिलाड़ियों में हैं। जोकोविच अब अगले चरण में रूस के आंद्रे रुबलेव का सामना करेंगे, जबकि मेदवेदेव का मुकाबला अमेरिका के क्रिस्टोफर यूबांक्स से होगा।

## स्वियातेक ने दर्ज की लगातार 14वीं जीत



वर्ल्ड नंबर-1 पोलैंड की महिला खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने बेलिंडा बेनसिच को हराकर पहली बार विंबलडन ग्रैंडस्लैम के क्वॉर्टर फाइनल में प्रवेश किया। जहां उनका मुकाबला यूक्रेन की वाइल्ड-कार्ड धारी एलिना स्वितोलिना से होगा। पिछले महीने फ्रेंच ओपन की चैम्पियन बनी इस खिलाड़ी की यह लगातार 14वीं जीत है। इगा ने प्रीक्वॉर्टर फाइनल में बेलिंडा बेनसिच को 6-7, 7-6, 6-3 से शिकस्त दी। एलिना स्वितोलिना ने प्रीक्वॉर्टर फाइनल में 19वीं सीड बेलारुसी खिलाड़ी विक्टोरिया अजारेंका को 2-6, 6-4, 7-6 से हराया। साल 2019 में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली स्वितोलिना ने अक्टूबर में मां बनी है। उन्होंने इस साल अप्रैल में खेल में वापसी की। उन्होंने रविवार को अंतिम 16 मुकाबले में दो बार की ग्रैंड स्लैम चैम्पियन विक्टोरिया अजारेंका को 2-6, 6-4, 7-6 से हराया।

## हद्दाद मैया ने रिबाकिना को दिया वॉकओवर, सबालेंका जीतीं

ब्राजील की ब्रीट्रिज हद्दाद मैया से वॉकओवर मिलने के बाद गत चैंपियन एलिना रिबाकिना ने भी क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। एक अन्य मुकाबले में, बेलारूस की एरिना सबालेंका ने रूस की एकतेरीना एलेक्जेंड्रा को 6-4, 6-0 से रौंदकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिये सबालेंका को 25वीं सीड मैडिसन कीज का सामना करना होगा, जो 16 वर्षीय युवा सनसनी मीरा आंद्रीवा को 3-6, 7-6(4), 6-2 से हराकर आ रही हैं। कजाकिस्तान की रिबाकिना को क्वॉर्टरफाइनल में आगे बढ़ने के लिए केवल पांच गेम खेलने पड़े। हद्दाद मैया ने 4-1 से पिछड़ने के बाद पीठ की चोट के कारण अपनी प्रतिद्वंदी को वॉकओवर दे दिया। लगातार दूसरा विंबलडन खिताब जीतने की होड़ में रिबाकिना क्वार्टरफाइनल में ट्यूनीशिया की ओन्स जब्योर से भिड़ेंगी।




**सावन का पहला सोमवार**

सावन के पहले सोमवार को हरिद्वार के हर की पौड़ी पर कांवड़ियों का दिनभर मेला लगा रहा। शिवभक्ति में डूबे श्रद्धालुओं ने मां गंगा की डूबकी लगाकर हर-हर महादेव का जाप किया। कांवड़िए यहां स्नान कर पवित्र जल कांवड़ में लेकर गए।

# पंचायत पुनर्मतदान में टाउन अध्यक्ष पर हमला

**कोलकाता, (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि राज्य के 19 जिलों के 697 बूथों पर सोमवार को पंचायत चुनाव के लिए पुनर्मतदान के दौरान उसकी पार्टी के तमलुक टाउन अध्यक्ष चंचल खानरा पर हमला किया गया है।

### टीएमसी ने मढ़ा आरोप

तृणमूल ने ट्वीट कर कहा कि हम भाजपा बंगाल के गुंडों द्वारा तमलुक टाउन अध्यक्ष चंचल खानरा पर हमला किये जाने के बारे में सुनकर गहरे सदमे में हैं। पार्टी ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने श्री खानरा पर हमला उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया और उनकी मोटरसाइकिल को आग लगा दी। यह चौंकाने वाला है कि जिस भाजपा ने पंचायत चुनावों के दौरान 'कानून और व्यवस्था' बनाए रखने के लिए केंद्रीय बलों को तैनात किया था सिर्फ एक दिन बाद हिंसा का सहारा ले रही है। पार्टी ने कहा कि यह घोर पाखंड और लोकतंत्र के प्रति उपेक्षा बेहद परेशान करने वाली है। राज्य चुनाव आयोग ने रविवार को एक अधिसूचना जारी कर कुल 697 बूथों पर पुनर्मतदान का आदेश दिया। इन केन्द्रों पर शनिवार को पंचायत चुनाव के लिए मतदान हुआ था, आज मतदान की काउंटिंग की जाएगी।

### हिंसा की जांच के लिए प्रतिनिधि मंडल भेजेगी भाजपा

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव संबंधित हिंसा की घटनाओं की जांच के लिए चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का फैसला किया है। श्री नड्डा ने पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव संबंधित हिंसा की घटनाओं की जांच के लिए पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद रविशंकर प्रसाद एवं डॉ. सत्यपाल सिंह, सांसद डॉ. रणदीप रॉय और सांसद एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा वर्मा के चार सदस्यीय दल का गठन किया है। यह दल अपनी रिपोर्ट भाजपा अध्यक्ष को सौंपेगा। वहीं पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुवेंदु अधिकारी ने सोमवार को कहा कि प्रदेश चुनाव आयोग की ओर से सिर्फ 696 बूथों पर मतदान कराने के फैसला पूरी तरह से शर्मनाक तथा कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना है।

## डाक कावंड़: दो कावंड़ियों की करंट लगने से मौत

**अलवर, (एजेंसी)।** राजस्थान में अलवर जिले के शाहजहांपुर, थाना क्षेत्र के चौबारा गांव से हरिद्वार डाक कावड़ लाने जा रहे जत्थे का वाहन गांव में ही गोगाजी मन्दिर के समीप हाइटेंशन लाइन तार से छू जाने से दो कावड़ियों की दर्दनाक मौत हो गई। रविवार रात गांव से डाक कावड़ लाने जा रहे कावड़ियों का वाहन विधिवत पूजा अर्चना कर हर्षोल्लास के साथ बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों के बीच से रवाना हुवा था। गांव में बाबा गोगाजी मन्दिर के समीप अत्यधिक नीची हाईटेंशन विद्युत लाईन होने के चलते वाहन को छू गई। हाईटेंशन लाइन तार छूने से आए करंट के चलते वाहन में सवार चौबारा निवासी यश सिंह चौहान एवं एक अन्य युवक की करंट लगने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि वाहन में सवार अन्य युवक वाहन से कूद गए।

## स्टालिन ने नारियल खरीदी के लिए मोदी को लिखा पत्र

**चेन्नई, (एजेंसी)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से केंद्र सरकार की मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत नारियल की खरीद के लक्ष्य को 56 हजार टन से बढ़ाकर 90 हजार टन करने तथा नारियल का उत्पादन करने वाले किसानों के हित में बाजार मूल्य को स्थिर कर सहायता करने की अपील की है। श्री स्टालिन ने श्री मोदी को लिखे अर्द्ध-सरकारी पत्र में कहा कि राज्य में नारियल का उत्पादन करने वाले किसानों की ओर से पीएसएस के तहत नारियल की खरीदी में वृद्धि करने की मांग लगातार होती रही है।

## एटमी पनडुब्बी भेजने पर कोरिया ने की आलोचना

**प्योंगयांग, (एजेंसी)।** उत्तर कोरिया ने कोरियाई प्रायद्वीप में परमाणु हथियारों से लैस पनडुब्बी भेजने की अमेरिका की योजना की आलोचना की है और इस कदम को 'अप्रत्यक्ष परमाणु ब्लैकमेल' बताया है। उ. कोरियाई रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। यूएस फोर्सेज कोरिया के डिप्टी कमांडर स्कॉट प्लियस ने जून के अंत में कहा था कि बैलिस्टिक मिसाइलों से लैस एक अमेरिकी पनडुब्बी जल्द ही दक्षिण कोरिया के लिए रवाना होगी। कोरियाई प्रायद्वीप में 1981 के बाद पहली बार एटमी हथियार ले जाने वाली यूएस सामरिक परमाणु पनडुब्बी दिखाई देंगे, जो क्षेत्रीय तनाव को एटमी संघर्ष के कगार पर पहुंचा सकता है।

# भारत-मलेशिया के बीच द्विपक्षीय संबंध होंगे और मजबूत: राजनाथ

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्विपक्षीय रक्षा व रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीके तलाशने के लिए मलेशिया की तीन दिनी यात्रा पर हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपनी यात्रा के दौरान कुआलालंपुर में मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से मुलाकात की। इसके अलावा उन्होंने मलेशिया के विदेश मंत्री डॉ. जाम्ब्री अब्दुल कादिर के साथ बैठक की। दोनों के बीच कई मुद्दों पर चर्चा भी हुई।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्विपक्षीय रक्षा व रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीके तलाशने के लिए मलेशिया की यात्रा पर हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपनी यात्रा के दौरान कुआलालंपुर में मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से मुलाकात की।

**मलेशिया के पीएम से मिले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट कर मलेशिया के पीएम के साथ हुई मुलाकात के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कुआलालंपुर में मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से मुलाकात की। भारत-मलेशिया द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा करने के प्रति उनके सकारात्मक दृष्टिकोण और रुचि की गहराई से सराहना करते हैं।



**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पीएम अनवर इब्राहिम से मुलाकात की**

**राजनाथ ने विदेश मंत्री के साथ की बैठक:** इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मलेशिया के विदेश मंत्री डॉ. जाम्ब्री अब्दुल कादिर के साथ बैठक की थी। उन्होंने ट्वीट कर बताया कि भारत-मलेशिया रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से आपसी हित के कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

**रक्षा मंत्री हसन से रक्षा सहयोग पर चर्चा की:** सोमवार को राजनाथ सिंह ने कुआलालंपुर में मलेशिया के रक्षा मंत्री मोहम्मद हसन से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने रक्षा सहयोग पर चर्चा की। सिंह ने बैठक को लेकर कहा कि मलेशिया के रक्षा मंत्री मोहम्मद हसन के साथ आज एक उत्कृष्ट बैठक हुई। इस दौरान, हम लोगों ने व्यापक द्विपक्षीय रक्षा जुड़ाव के विविध स्तंभों की समीक्षा की। साथ ही भारत-मलेशिया रक्षा सहयोग के चौथे दशक के रोडमैप पर भी चर्चा की। मलेशिया की अपनी तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुरू कर दी है। वह रविवार को कुआलालंपुर पहुंचे। उनका वहां मौजूद भारतीय प्रवासियों ने स्वागत किया। इस दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारे लगाए गए।

# शिवसेना चुनाव चिन्ह विवाद पर 31 को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे धडे को शिवसेना और चुनाव चिन्ह 'तीर-धनुष' की मान्यता देने संबंधी चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की याचिका पर 31 जुलाई को सुनवाई करेगा।

### फैसले को दी चुनौती

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पी एस नरसिम्हा की पीठ ने सोमवार को श्री ठाकरे की गुहार पर उनकी याचिका पर 31 जुलाई को सुनवाई के लिए के लिए सहमति व्यक्त करते हुए मामले को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे के पक्षकार वकील ने विशेष उल्लेख के दौरान मामले महत्वपूर्ण बताते हुए इस पर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया। चुनाव आयोग ने 17 फरवरी को श्री शिंदे धडे को वास्तविक शिवसेना के तौर पर मान्यता देने के साथी पार्टी का चुनाव चिन्ह धनुष और तीर उन्हें इस्तेमाल करने की मंजूरी दी थी। चुनाव आयोग ने अपने फैसले श्री ठाकरे घड़े को शिवसेना (बाला साहब ठाकरे) और चुनाव चिन्ह के तौर पर' जलती मशाल' इस्तेमाल करने की अनुमति दी थी। गौरतलब है कि इससे पहले सीजेआई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने तब चुनाव आयोग के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

## अमरनाथ यात्रा बालटाल से भी बहाल, एक लाख यात्रियों ने किए बाबा के दर्शन

**श्रीनगर, ( एजेंसी )।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में सोमवार को कुल 20 हजार अमरनाथ तीर्थयात्रियों को बालटाल आधार शिविर से जाने की अनुमति दी गई, जबकि पहलगाम से यात्रा सामान्य रूप से जारी है। यात्रा शुरू होने से अब तक एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किये हैं। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि सोमवार सुबह 6,265 तीर्थयात्रियों ने अमरनाथ के पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने बताया कि अच्छे मौसम की स्थिति के बीच सोमवार सुबह 10 बजे तक महिलाओं और साधुओं सहित 19,276 तीर्थयात्रियों को बालटाल आधार शिविर से डुमेल के रास्ते अमरनाथ गुफा मंदिर की ओर जाने की अनुमति दी गई है। अधिकारी ने बताया कि एक जुलाई को 62 दिवसीय यात्रा शुरू होने के बाद से, अब तक दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों की कुल संख्या एक लाख से अधिक हो गई है।

## शहबाज शरीफ का बेटा सुलेमान बरी

**इस्लामाबाद, (एजेंसी)।** पाकिस्तान की एक विशेष अदालत ने 16 अरब डॉलर के धनशोधन मामले में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बेटे सुलेमान शहबाज और अन्य सभी आरोपियों को सोमवार को बरी कर दिया। उनके खिलाफ संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने मामला दर्ज किया था। यहां की विशेष अदालत ने सुलेमान और अन्य आरोपियों की बरी करने की याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया। लंदन में चार साल के स्व-निर्वासन के बाद पिछले साल दिसंबर में पाकिस्तान लौटे सुलेमान केवल इस मामले में आरोपी नहीं हैं, बल्कि आय से अधिक संपत्ति के मामले में भी उनका नाम है। उन्हें दोनों मामलों में भगोड़ा अपराधी घोषित किया गया था।

## दिल्ली के पूर्व मंत्री जैन की जमानत बढ़ी, सुप्रीम कोर्ट 24 जुलाई को सुनवाई करेगा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन की जमानत अवधि अगली सुनवाई 24 जुलाई तक बढ़ा दी। न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति सुंदरेश की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद श्री जैन को अगले आदेश तक राहत दी। इसके साथ ही अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 24 जुलाई की तारीख मुकर्रर कर दी। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में आरोपी जैन की मेडिकल रिपोर्ट अगली सुनवाई के दिन अदालत में पेश करने का निर्देश दिया। पीठ के समक्ष आरोपी पूर्व मंत्री का पक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से अतिरिक्त सॉलीसीटर जनरल एस वी राजू ने रखा।

# जी20: संस्कृति को स्वस्थ विकास, सद्भाव की प्रेरक-शक्ति बनाने का भारत का आह्वान

**नई दिल्ली/ हम्पी, (एजेंर्सी)** भारत की अध्यक्षता में जी20 की संस्कृति कार्य समूह (सीडब्लयूजी) की हम्पी (कर्नाटक) में आयोजित तीसरी बैठक के उद्घाटन सत्र में सोमवार को संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने संस्कृति को स्वस्थ विकास और वैश्विक सद्भाव की प्रेरिक शक्ति बनाने का आह्वन किया।

श्री जोशी ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए विश्व समुदाय से एक ऐसे भविष्य का निर्माण करने का अव्रान किया जहां संस्कृति न केवल समाज की पहचान का अंग हो, बल्कि यह स्वस्थ विकास, सामाजिक समावेश और वैश्विक सद्भाव के लिए एक प्रेरक शक्ति भी हो। जी20 विश्व के प्रमुख विकासित एवं विकासशील देशों का मंच है और इस समय भारत इसका अध्यक्ष है। भारत में इस वर्ष होने वाली जी20 की शिखर बैठक से पहले विभिन्न विषय-क्षेत्रों पर आयोजित बैठकों के क्रम में संस्कृति कार्य समूह की इस बैठक के उपलक्ष्य में लम्बानी कढ़ाई की 1300 पट्टियां (चकती) प्रदर्शित की गयी हैं। श्री जोशी ने कहा कि इस बैठक में लम्बानी कढ़ाई की यह प्रदर्शनी गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में स्थान पा सकती है। श्री जोशी के पास कोयला और खान विभाग भी है। उन्होंने जी20 की संस्कृति कार्य समूह की बैठक की प्राथमिकताओं के बारे में कहा कि हम ऐसी चार प्राथमिकताओं की पहचान करने और उन पर विचार-विमर्श करने से लेकर कार्रवाई-उन्मुख सिफारिशों पर आम सहमति हासिल करने की दिशा में आगे बढ़े हैं, जो संस्कृति को नीति निर्माण के केंद्र में रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

## डोडा में दो बार भूकंप के झटके महसूस किए

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू एवं कश्मीर के डोडा जिले में सोमवार सुबह पांच मिनट के अंतराल पर दो बार हल्के भूकंप के झटके महसूस किये गये। अधिकारियों ने आज यहां बताया कि सुबह 0538 मिनट पर आये भूंपक की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.9 मापी गई। भूकंप का केंद्र 33.15 डिग्री अक्षांश और 75.68 डिग्री देशांतर पर गहराई 10 किमी की गहराई में स्थित था। इस बीच, सुबह 0543 बजे आए दूसरे भूकंप की रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 3.6 मापी गई। भूकंप का केंद्र 33.15 डिग्री अक्षांश और 75.7 डिग्री देशांतर पर आठ किमी की गहराई में स्थित था।

## पुलिस अधिकारी पर अवमानना नोटिस जारी

**मुंबई (एजेंसी)।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने पुणे में एनडीए के एक प्रोफेसर के खिलाफ जालसाजी केस में कोर्ट द्वारा मांगे स्पष्टीकरण पर जवाब नहीं देने वाले पुलिस अधिकारी के खिलाफ अवमानना नोटिस जारी किया।

### जालसाजी केस

दो जजों की खंडपीठ ने पुणे में एनडीए के प्रोफेसर कमल चंद्र तिवारी की याचिका पर सुनवाई के दौरान एक आदेश पारित किया, जिसमें कोर्ट को सूचित करते हुए उनके खिलाफ जालसाजी की प्राथमिकी को रद्द करने की मांग की थी। श्री तिवारी ने बचाव में पुणे के ससून अस्पताल का 1 दिसंबर 2012 को जारी किया दिव्यांगता प्रमाण पत्र, जो 41 प्रतिशत दिव्यांग को प्रमाणित करता है, भी कोर्ट में पेश किया था। जब प्रमाणपत्र को सत्यापन के लिए भेजा गया, तो इसका मूल रिकॉर्ड ससून अस्पताल में नहीं मिल सका। अदालत को बताया गया कि इस पर एनडीए ने एक शिकायत दर्ज की जिसमें आरोप लगाया गया कि श्री तिवारी द्वारा प्रस्तुत प्रमाणपत्र जाली था।

## आज का इतिहास

- 1346: लग्जमबर्ग के चार्ल्स चतुर्थ को रोमन साम्राज्य का सम्राट बनाया गया।
- 1889: सोवा बाजार क्लब किसी फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने वाला पहला भारतीय दल बना।
- 1921: मंगोलिया को चीन से आजादी मिली।
- 1922: हॉलीवुड बाउल की शुरुआत हुई।
- 1930: ब्रेडमैन ने लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ एक दिन में 309 रन बनाए।
- 1948: येरूशलम पर पहला हवाई हमला।
- 1973: पेरिस के निकट ब्राजील का बोइंग विमान दुर्घटनाग्रस्त, 122 की मौत।
- 1977: मार्टिन लूथर किंग जूनियर को मेडल ऑफ फ्रीडम से सम्मानित किया गया।
- 1979: अमेरिकी अंतरिक्ष प्रयोगशाला स्काई लैब धरती पर गिरी।

## जैन मुनि की हत्या का मामला: राज्य सरकार का सीबीआई जांच से इंकार

**बेंगलुरु, (एजेंसी)।** कर्नाटक में जैन मुनि का हत्या का मामला गहराता जा रहा है। राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बेलगावी जिले में हुए इस हत्याकांड की जांच सीबीआई को सौंपने से इनकार कर दिया है। उन्होंने मामले की जांच और अब तक की गई गिरफ्तारियों को लेकर पुलिस की सराहना भी की। उन्होंने यह बात ऐसे समय में कही, जब विपक्षी भाजपा ने विधानसभा में इस संबंध में सीबीआई जांच की मांग करते हुए आवाज उठाई है। विपक्ष ने यह आशंका भी व्यक्त की कि जिस तरह से पुलिस मामले को संभाल रही है, ऐसे में इसमें लीपापोती हो सकती है। वहीं, जैन समुदाय की ओर से कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किया गया। बेलगावी जिले के चिक्कोडी में हुई जैन मुनि की क्रूर हत्या की निंदा करते हुए उसने न्याय और सुरक्षा की मांग की गई।



### सीबीआई जांच की हो रही मांग

बोम्मई ने कहा कि अगर सरकार निष्पक्ष जांच में यकीन करती है, तो उसे मामले को सीबीआई को सौंपना होगा। उन्होंने कहा कि साथ ही कानून व्यवस्था की स्थिति को मजबूत करने के लिए भी सरकार को कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा कि मामले में राजनीतिक समर्थन से लीपापोती करने के आरोप लग रहे हैं, इसे गलत साबित करने के लिए सीबीआई को जांच सौंपी जाए। अभय पाटिल, शशिकला जोले, बसनगौड़ा पाटिल यतनाल, वी सुनील कुमार और सिद्दू सावदी सहित कई भाजपा विधायकों ने भी सीबीआई जांच की मांग की। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने भाजपा की ओर से उठाए गए मुद्दे पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री परमेश्वर इस मामले में जानकारी जुटाने के लिए हुब्बली और चिक्कोडी के दौरे पर हैं।

**Filmy तड़का**

## आज आएगा OMG-2 का टीजर

### भगवान शिव के इंटेंस लुक में नजर आए अक्षय



**मुंबई।** जल्द ही अक्षय कुमार, पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम फिल्म OMG-2 में दिखाई देंगे। अक्षय कुमार, यामी गौतम और फिल्म की टीम ने सोशल मीडिया पर फिल्म के टीजर की रिलीज डेट अनाउंस की है। अक्षय कुमार ने फिल्म से अपना लुक शेयर करते हुए सोशल मीडिया पर बताया है कि OMG-2 का टीजर मंगलवर 11 जुलाई को आएगा। भगवान शिव के लुक में दिख रहे हैं अक्षय कुमार: अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर फिल्म में अपने लुक की एक वीडियो क्लिप शेयर की है। इस वीडियो में अक्षय भगवान शिव के लुक में दिखाई दे रहे हैं। अक्षय ब्लैक आउटफिट में खुले बालों के साथ नजर आ रहे हैं। फिल्म में उनका लुक काफी इंटेंस लग रहा है। वीडियो में अक्षय इस लुक में लोगों की भीड़ के बीच से गुजर रहे हैं। वीडियो के बैकग्राउंड में हर-हर महादेव की ट्यून चल रही है। वीडियो शेयर करते हुए अक्षय कुमार ने लिखा- OMG-2 टीजर मंगलवार को 11 जुलाई को आएगा! 11 अगस्त को थिएटर में रिलीज होगी।

## शाहरूख खान की फिल्म जवान का प्रिव्यू रिलीज, दीपिका का भी अभिनय

**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान की आने वाली फिल्म जवान का प्रिव्यू रिलीज हो गया है। शाहरूख खान इन दिनों दक्षिण भारतीय निर्देशक एटली की आने वाली फिल्म जवान में काम कर रहे हैं। फिल्म जवान का प्रिव्यू रिलीज कर दिया गया है। जवान के प्रीव्यू से शाहरुख खान समेत फिल्म के कई स्टार का लुक रिवील कर दिया गया है। शाहरूख खान सोल्जर के किरदार में नजर आ रहे हैं। वहीं, नयनतारा पुलिस ऑफिसर के रोल में दिखाई दीं। इनके अलावा विजय सेतुपति भी फिल्म जवान का हिस्सा हैं। दीपिका पादुकोण प्रिव्यू में जमकर मारधाड़ करते हुए दिखाई दे रही हैं।जवान के प्रिव्यू में शाहरुख का एक डायलॉग है,'जब मैं विलेन बनता हूं ना, तो मेरे सामने कोई हीरो टिक नहीं पाता है।प्रीव्यू में मेट्रो के अंदर का एक सीन है, जहां वर्दी पहने शाहरुख'आपको हमारी कसम लौट आइए'पर डांस कर रहे हैं। फिल्म जवान 07 सितंबर को रिलीज होगी। जवान हिंदी के साथ तमिल और तेलुगु में भी रिलीज होगी।



# बदले की भावना से काम कर रही है भाजपा सरकार : गोपाल यादव



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर मंगलवार को पार्टी कार्यालय समता भवन पर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष गोपाल यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी गाजीपुर के नवमनोनीत नगर अध्यक्ष दिनेश यादव, नगर महासचिव बाबी चौधरी और महिला सभा की नगर अध्यक्ष अलका अग्रवाल का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया।

इस स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने नवमनोनीत नगर अध्यक्ष दिनेश यादव और नगर महासचिव बाबी चौधरी और महिला सभा की नगर अध्यक्ष अलका अग्रवाल को बधाई देते हुए कहा कि इनके मनोनयन से दल को मजबूती मिलेगी और शहर का संगठन मजबूत और धारदार होगा । उन्होंने कहा कि पद मिलना आसान है लेकिन पद की जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन करना कठिन है। उन्होंने कहा कि काम करने से ही आदमी की पहचान बनती है। उन्होंने कहा कि आज देश में भाजपा की तानशाह सरकार है। उसकी तानाशाही नीतियों और लगातार बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के चलते से पूरा देश हैरान और परेशान हैं। विरोधी दलों के नेताओं के खिलाफ बदले की भावना से काम कर रही है भाजपा सरकार। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार देश के लोकतंत्र और संविधान का लगातार मजाक उड़ा रही है। देश के धर्म निरपेक्ष स्वरूप ,गंगा जमुनी तहजीब और सामाजिक और साम्प्रदायिक सद्भाव को खत्म कर भाजपा सरकार देश में नफरत फैलाने का काम कर रही है । ऐसे दौर में मजबूत संगठन बनाकर भाजपा सरकार के खिलाफ आंदोलन चलाकर इस जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेश कुशवाहा ने नवमनोनीत पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा पार्टी के लिए यह संघर्ष का दौर है। देश और प्रदेश के तानाशाही हुक्मरान विरोधी दलों को कमजोर करना चाहते हैं। यह सरकार अपने विरोध में उठने वाली हर आवाज को दबाना चाहती है। ऐसी सरकार को हटाने के लिए हमें लगातार संघर्ष करना होगा।

अपने स्वागत से अभिभूत दिनेश यादव ने कार्यकताओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा जिस भरोसे और विश्वास के साथ पार्टी ने हमें यह सम्मान और जिम्मेदारी सौंपी है उस पर शत प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करूंगा और पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करूंगा। उन्होंने कहा कि शहर में संगठन को मजबूत बनाते हुए शहर की समस्याओं को लेकर अनवरत संघर्ष करने का काम करूंगा। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार की संकीर्ण एवं साम्प्रदायिक सोच के चलते देश में आपसी भाईचारा, सौहार्द और देश की गंगा जमुनी तहजीब और सांझी विरासत की संस्कृति को नुकसान पहुंचा है । उन्होंने कहा कि देश के संविधान, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय व समाजवाद की रक्षा तथा नफरत की सियासत को खत्म करने के लिए भाजपा सरकार का खात्मा जरूरी है । इस सरकार से देश और प्रदेश की जनता छुटकारा चाहती है।

इस समारोह के अंत में पार्टी के देवकली ब्लाक के अध्यक्ष उदय यादव के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी। इस समारोह में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष रामधारी यादव, मुन्नन यादव, डॉ सीमा यादव, आमिर अली, अशोक कुमार बिंद, रविन्द्र प्रताप यादव, सदानंद यादव, अरुण कुमार श्रीवास्तव, गोपाल यादव, तहसीन अहमद अभिषेक यादव , अमित ठाकुर, सत्या यादव आत्मा यादव, अरविंद यादव, सिकंदर कन्नौजिया, डॉ समीर सिंह, कमलेश यादव, दिनेश यादव, विभा पाल, अल्का अग्रवाल, कंचन रावत, जिला पंचायत सदस्य राजेश यादव रीना यादव, निजामुद्दीन खां, राजनाथ कुशवाहा, विशाल मद्धेशिया, राजकिशोर यादव, रामज्ञान यादव, रामचंद्र गुप्ता, बलिराम यादव, पूजा गौतम, छन्नू यादव, अनिल प्रधान, अभिनव सिंह, राकेश यादव, अनवर, फिरोज, अफजल, परशुराम बिंद, परवेज अहमद, सुभाष यादव गुड्डू, विनोद पाल, गोपाल वर्मा, नरेंद्र कुशवाहा, शेर अली राईनी, आकिब शब्लू, ओपी यादव, दुर्गेश यादव , पंकज यादव, रामाशीष यादव हरवंश यादव, आदित्य यादव, विक्की यादव, मोहन रावत, मोहम्मद इलियास आदि उपस्थित रहें।

## किसान भाइयों के लिए सूचना : मक्का फसल को फाल आर्मी वर्म कीट से बचायें

प्रखर जौनपुर । जिला कृषि रक्षा अधिकारी विवेक कुमार ने जनपद के किसान भाइयों को सलाह दी है कि जनपद में खरीफ फसलों में प्रमुख रूप से बोई जाने वाली फसल मक्का तथा अन्य फसलों ज्वार, बाजार, धान आदि में फाल आर्मी वर्म हानि पहुंचाता है जिसकी पहचान एवं लक्षण है कि इस कीट की मादा अधिकतर पत्तियों के निचले हिस्सों या कभी-कभी पत्तियों के ऊपरी सतह या तनों पर अण्डे देती है जो क्रीमिस से हरे या भूरे रंग के होते है। मादा कई परत में अण्डे देने के बाद सफेद झाग से ढ़क देती है। कीट का लार्वा भूरा या धूसर रंग का होता है जिसके पीठ के नीचे तीन पतली सफेद धारियां और सिर पर एक सफेद रंग का अंग्रेजी शब्द उल्टा वाई दिखता है। शरीर के दूसरे अंतिम खण्ड पर वगार्कार चार बिन्दु दिखाई देते हैं। मक्का इस कीट की रूचिकर फसल है। यह कीट फसल की लगभग सभी अवस्थाओं में नुकसान पहुंचाता है। यह मक्का के पत्तों के साथ-साथ बाली को विशेष रूप से प्रभावित करता है। कीट का लार्वा मक्का के छोटे पौधों के डण्ठल आदि के अन्दर घुसकर अपना भोजन प्राप्त करता है। इस कीट के प्रकोप की पहचान फसल की बढ़वार की अवस्था में पत्तियों के बाहरी किनारों पर कीट के मल-मूत्र से पहचाना जा सकता है। इस कीट का मल भूसे के महीन बुरादे जैसा दिखता है। कीट नियंत्रण के उपाय के सम्बन्ध में बताया कि किसान भाई फसल की निगरानी करते हुये बचाव और नियंत्रण कार्य करें। रासायनिक नियंत्रण हेतु डाइमेथोएट 30 प्रतिशत ई0सी0 1.500 लीटर अथवा क्लोरेण्ट्रानिलीप्रोल 18.5 प्रतिशत ई0सी0 150 ग्राम अथवा क्लोरपाइरीफॉस 20 प्रतिशत ई0सी0 1.250 लीटर मात्रा को पानी में घोलकर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करना चाहिये। एन0पी0वी0 तथा मेटाराइजियम एनिप्सोली आदि जैविक कीटनाशी रसायनों का समय से प्रयोग अत्यन्त प्रभावशाली है। यांत्रिक विधि के तौर पर सायंकाल(07 बजे से 9 बजे तक) 3 से 4 की संख्या में प्रकाश प्रपंच एवं 6 से 8 की संख्या में बर्ड परचर प्रति एकड़ लगाना चाहिये। अण्ड परजीवी दो से पॉच ट्राइकोगामा कार्ड एवम् टेलीनोमस रेगस का प्रयोग एग लेइंग की अवस्था में करने से इनकी संख्या की बढ़ोत्तरी पर रोक लगाई जा सकती है। उपरोक्त के सम्बन्ध मे अधिक जानकारी हेतु किसान भाई विकास खण्ड पर कृषि रक्षा इकाई के प्रभारी अथवा जनपद मुख्यालय पर जिला कृषि रक्षा अधिकारी से सम्पर्क करें।

## पीजी कालेज ने ऑनलाइन जारी किया स्नातक वाणिज्य का प्रवेश-पत्र



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर द्वारा प्रवेश परीक्षा 23 स्नातक वाणिज्य का प्रवेश-पत्र ऑनलाइन जारी कर दिया गया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए पीजी कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ० राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश हेतु 12 जुलाई से 25 जुलाई 23 तक प्रवेश परीक्षा आयोजित है। प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का प्रवेश - पत्र परीक्षा तिथि से एक दिन पूर्व ऑनलाईन जारी किया जाएगा। स्नातक वाणिज्य की प्रवेश परीक्षा 12 जुलाई को सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक आयोजित है, जिसके लिए प्रवेश-पत्र आनलाईन जारी कर दिया गया है। इस सम्बंध में प्राचार्य प्रोफेसर पाण्डेय ने बताया कि इस वर्ष छात्रों एवं अभिभावकों की मांग पर महाविद्यालय प्रशासन ने छात्र हित में सम्बन्धित विषय की परीक्षा तिथि से एक दिन पूर्व तक प्रवेश परीक्षा हेतु आनलाईन आवेदन करने का अवसर प्रदान करने निर्णय लिया है। छात्रों एवं अभिभावकों से आग्रह है कि प्रवेश परीक्षा की तिथि समाप्ति के उपरांत किसी भी परिस्थिति में प्रवेश हेतु आवेदन न करें।

यदि किसी छात्र-छात्राओं द्वारा आवेदन किया जाता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जायेगा। सभी विषयों में परीक्षार्थियों को सम्बन्धित विषय की परीक्षा तिथि से एक दिन पूर्व आनलाईन प्रवेश-पत्र जारी किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन करने वाले समस्त परीक्षार्थी / अभ्यर्थी अपना प्रवेश - पत्र महाविद्यालय के पर प्रवेश परीक्षा से एक दिन पूर्व डॉउनलोड कर प्राप्त कर सकते हैं।

## सब्जियां महंगी, इसके पीछे कारोबारी का हाथ, जानिए कैसे?



प्रखर जौनपुर। टमाटर महंगा, अदरक महंगा, गोभी महंगी... (Vegetables Inflation) ऊपर से अब हरी मिर्च भी महंगी. सब्जी मंडी में पहुंचते ही हर जुबां पर एक बात होती है क्या खरीदें, सब्जियों की कीमतों में तो आग लगी है फिर एक किलो की जगह आधा किलो, आधा किलो लेने वाले एक पाव खरीदकर घर लौट आते हैं. लेकिन खरीदार खासकर, शहरों में लोग कभी ये नहीं सोचते कि सब्जियां आखिर इस मौसम में इतनी महंगी क्यों हो जाती हैं? दरअसल, अभी जो-जो सब्जियां महंगी हैं, वो सीधे खेत से मंडी तक नहीं पहुंचती हैं. क्योंकि बरसात के मौसम में बेहद कम सब्जियां ही उगती हैं. खासकर टमाटर, गोभी, हरी मिर्च जैसी सब्जियां जुलाई महीने में खेतों में नजर नहीं आतीं. फिर आपका सवाल होगा कि मंडी में ये कहां से आती हैं हर साल बरसात के मौसम के लिए सब्जियां कोल्ड स्टोरेज में रखी जाती हैं और अधिकतर इलाकों में इन्हें खपत के हिसाब से धीरे-धीरे मंडी तक पहुंचाया जाती है. ये सब्जियां जब खेत में लगी होती हैं तो बाजार में भी आसानी से मिल जाती हैं, वो भी सामान्य भाव पर, उसी दौरान इन सब्जियों की बड़ी खेप को कोल्ड स्टोरेज में रख दिया जाता है. क्योंकि कोल्ड स्टोरेज में महीनों तक सब्जियां ताजी रहती हैं. खासकर गोभी, प्याज, टमाटर और आलू के लिए पूरे देश में कोल्ड स्टोरेज मौजूद हैं. हालांकि अधिकतर किसान प्याज और आलू के लिए कोल्ड स्टोरेज का इस्तेमाल करते हैं. लेकिन अब मौसमी सब्जियां भी बड़े पैमाने पर कोल्ड स्टोरेज में रखी जाती हैं. टमाटर को अधिकतम डेढ़ से 2 महीने तक कोल्ड स्टोरेज में रखा जा सकता है. बाजारों में ऐसी सब्जियों की बात करें जो बिना सीजन के उपलब्ध होती हैं, तो बता दें ऐसी सब्जियां आम लोगों के वश से दूर ही नजर आती हैं. इसका बड़ा कारण भी है, दरअसल, दिल्ली समेत बड़े शहरों के मार्केट में आपको हर रोज इस तरह की सब्जियां भी मिल जाती हैं, जिनका सीजन ही नहीं होता और लोग जब इन्हें खरीदने के लिए बाजारों में जाते हैं, तो इनके दाम सुनकर हैरान रह जाते हैं, कई ग्राहको के मन होते हुए भी इनके बहुत महंगे होने के चलते खाने का प्लान ही कैंसिल कर देते हैं. बिना सीजन के भी बाजारों में बिकने वाली सब्जियों पर महंगाई के लिए सरकार जिम्मेदार नहीं होती, बल्कि जो लोग इनका भंडारण करके रखते हैं, वे इनके दाम तय करते हैं. जिसमें तमाम तरह के खर्चे जुड़े होते हैं. दरअसल, इन सब्जियों को बिना सीजन के बाजार में उतारते समय कारोबारी और जमा करने वाले इनके भंडारण और ट्रांसपोर्टेशन की कीमतों के आधार पर कीमतें तय करते हैं. इसका पूरा खेल आसान भाषा में समझें तो सब्जियों के कारोबार से जुड़े व्यापारी और बिचौलिए कोई भी सीजन खत्म होने पर उस सीजन में उगाई जाने वाली सब्जियों का बड़ा स्टॉक कोल्ड स्टोरेज में जमा कर लेते हैं और ये स्टॉक ऐसे समय में जमा किया जाता है, जब इनकी कीमतें कम होती हैं।

## यूपी राज्य कराटे प्रतियोगिता में वाराणसी की टीम ने 26 स्वर्ण, 20 रजत व 4 कांस्य पदक जीतकर लहराया परचम



प्रखर वाराणसी। छत्रपति शाहू जी महाराज यूनिवर्सिटी के मल्टीपरपज हाल में दिनाँक 8 एवम 9 जुलाई को आयोजित आमंत्रण उत्तर प्रदेश राज्य कराटे प्रतियोगिता में जापान शोतोकान कराते डू कनिन जुकु आगेर्नाइजेशन वाराणसी की टीम ने 26 स्वर्ण पदक,20 रजत पदक,04 कांस्य पदक जीत कर बनारस का परचम लहराया।

काता और कुमिते दोनों ही प्रतियोगिता के विभिन्न भार वर्ग में वाराणसी कनिनजुकू की टीम ने 26 स्वर्ण पदक, 20 रजत पदक एवम 4 कांस्य पदक काता में स्वर्ण पदक ब्राह्मी, लावण्या सरकार, विराज सिंह, स्निग्धा, श्रेयस उपाध्याय, दिव्यांगना पांडेय, अवनीश चौधरी, सुषमा वर्मा काता में रजत पदक आराध्या ठाकुर, श्रीदा शुक्ला, पावनी, आदित्य उपाध्याय, काता में कांस्य दीपिका तिवारी ने जीता । कुमिते में स्वर्ण पदक,माही सिंह लावण्या सरकार,अनुश्री त्रिपाठी, आराध्या ठाकुर,भारत शिवम,श्रुति चौहान, अनिमेश तिवारी,मयंक विश्वकर्मा ,देव आदित्य, शिवांग सिंह, दीपिका तिवारी, जागृति यादव, रितवीक मौर्या,आदर्श सोनकर, चेतना गुप्ता,श्रेया राधा मौर्या, श्रद्धा सुधा मोर्य, द्रोण शर्मा, आयुष राय कुमिते में रजत पदक श्रीदा शुक्ला,आद्या त्रिपाठी,ब्राहमी, अनन्या शर्मा,विराज सिंह,ध्रुव मिश्रा, शिवा सिंह,शुभम पांडेय, प्रांजल वर्मा,धैर्य बरनवाल,श्रुति गुप्ता, साक्षी,याशिका गुप्ता कुमिते में कांस्य पदक प्रिंस कुमार ,प्रिशा राय,समर सिंह बॉयस ओपन प्रतियोगिता भी कांनीन जुकु के आदर्श सोनकर ने जीती। वाराणसी में टीम के लौटने पर कनिनजुकु परिवार के वरिष्ठ सदस्यों राहुल सिंह, आशुतोष त्रिपाठी,नेहा सरकार, अमृता त्रिपाठी, डॉक्टर विनोद तिवारी, अंजना श्रीवास्तव ,विनय सिंह ,सुनील श्रीवास्तव ,राज भवन ठाकुर आदि शामिल थे। वाराणसी टीम के टीम कोच संतोष सोनकर और टीम मैनेजर श्री सुमित शुक्ला जी थे। यह जानकारी जापान शोतो कान कराटे डू कनिनजुकू आगेर्नाइजेशन के उत्तर प्रदेश कर मुख्य प्रशिक्षक शिहान अमित उपाध्याय ने दिया है।

## नृत्य और संगीत के साथ हुआ हुनरबाज प्रतियोगिता का आगाज, आराध्या धानुका का जलवा




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। दादा साहब फाल्के मेमोरियल फाउंडेशन मुंबई तथा गरुड़ टॉकीज गाजीपुर के संयुक्त तत्वाधान में "गाजीपुर के हुनरबाज" कार्यक्रम के तहत "हुनर है तो दिखाना पड़ेगा" प्रतियोगिता कार्यक्रम ससमारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ युवा समाजसेवी विवेक कुमार सिंह के दीप प्रज्वलन तथा लव तिवारी व कुश तिवारी की गणेश वंदना और माया नायर के स्वागत गीत से हुआ। शहर के प्रकाश नगर भूतहियाटांड़ के होटल एसएम पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में, जोरदार तालियों के बीच, प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का जमकर प्रदर्शन किया। नृत्य, संगीत, गायन, कविता एवं कहानी के क्षेत्रों से जुड़ी जिले की छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकाल कर उन्हें उचित मुकाम तक पहुंचाने में मदद हेतु आयोजित कार्यक्रम शाम तक बुलन्दियो तक जा पहुंचा। नव कलाकारों के प्रदर्शन से अभिभूत दर्शकों ने नृत्य, संगीत व गायन का जमकर लुत्फ उठाया। निर्णायक मंडल ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच विजयी प्रतिभागियों के नामों की घोषणा कर पूरे सदन में जोश भर दिया।

निर्णायक मंडल ने मोस्ट पॉपुलर फेस के रूप में आराध्या धानुका, मोस्ट कमेंट में सृष्टि श्रीवास्तव तथा मोस्ट लाइक में आराध्या धानुका को स्थान दिया। जूनियर विजेता के रुप में नृत्य में आराध्या धानुका, कविता में अक्षरा शाक्य तथा गायन में नंदीश कुमार विजेता घोषित किए गए।

सीनियर ग्रुप में नृत्य में प्रिया सिंह, कविता में विश्वजीत पटेल तथा गायन में मो० सैफ अली विजयी घोषित किए गए। निर्णायक मण्डल में डॉ0 विमला मिश्रा, डॉ0 निरंजन, डॉ0 सर्वेश, प्रद्युम जायसवाल रहे। जिन्होंने अपनी निर्णय देने के साथ ही सभी बच्चों को आगे बढ़ाने हेतु उत्साहित भी किया।राजकीय महिला महाविद्यालय गाजीपुर की प्राचार्या डॉ0 सविता भारद्धाज, वरिष्ठ पत्रकार डा0 ए. के. राय, प्रकाश गुप्ता, डॉ0 संगीता मौर्य द्वारा विजयी प्रतिभागियों को मेडल, प्रमाण पत्र तथा स्मृति चिन्ह देकर उत्साहवर्धन किया गया।

दादा साहब फाल्के मेमोरियल फाउंडेशन तथा गरुड़ टॉकीज की तरफ से अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर मयंक कुमार सिंह तथा उनके सहयोगियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रोहित यादव, गौरव केजरीवाल, रविशेखर विश्वकर्मा, मनोज पांडेय, श्रीमती शौर्या कुमारी, राजा भाई, अभिषेक केसरी, अंकित राय, रजनीश मिश्रा, अम्बरीश सिंह तथा इफि्तखार आलम का अमूल्य योगदान रहा। समारोह को पूर्णता प्रदान करने में मयंक कुमार सिंह, अहमद नवाज,चन्दन प्रजापति,डा. पूजा श्रीवास्तव,मिस नार्थ इण्डिया जयति जैन,श्रीमती तृप्ति श्रीवास्तव की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम सफल संचालन संजीव अरुण कुमार तथा उरुज इस्लाम ने संयुक्त रूप से किया।

## पूर्व माध्यमिक विद्यालय अशोकपुरकलाँ के सफल छात्रों से प्रेरणा लें जनपद के सभी छात्र: डॉ. गोरखनाथ पटेल

प्रखर शाहगंज जौनपुर। तहसील क्षेत्र के सुईथाकला विकासखंड अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय अशोकपुरकलाँ के 2 छात्रों आशुतोष और अंशिका का चयन राष्ट्रीय श्रेष्ठा परीक्षा 2023 में हुआ है। सफलता हासिल करके छात्रों ने विद्यालय परिवार तथा माता-पिता का ही नहीं बल्कि जनपद का नाम रोशन किया है। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी डॉ.गोरखनाथ पटेल ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है। बीएसए ने सफल छात्रों से जनपद के अन्य विद्यालयों के छात्रों से प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने अध्यापक बंधुओं ,बच्चों तथा उनके माता-पिता को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।खंड शिक्षाधिकारी राजेश कुमार वैश्य ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि विकासखंड क्षेत्र शिक्षा के मामले में शिक्षकों और छात्रों की कठिन मेहनत और कार्य के प्रति समर्पण की बदौलत आज पूरे प्रदेश में अपनी विशेष पहचान बना चुका है।खंड शिक्षा अधिकारी ने ऊंचाई की इस बुलंदी पर कायम रहने के लिए और अधिक परिश्रम करने के लिए प्रोत्साहित किया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष एवं प्रधानाध्यापक सतीश सिंह ने बताया कि विद्यालय के योग्य एवं कुशल शिक्षकों राजाराम,कौशल प्रजापति और जितेंद्र सिंह के कर्तव्य के प्रति समर्पण,कठिन मेहनत,छात्रों और अभिभावकों की शिक्षा में रुचि और स्वस्थ शैक्षिक माहौल के कारण ही विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।




## संक्षिप्त खबरें

### किसानों ने मुआवजा को लेकर एसडीएम को सौंपा पत्रक

प्रखर पिंडरा वाराणसी। एयरपोर्ट विस्तारीकरण के तहत प्रशासन द्वारा मनमाने ढंग से मुआवजा राशि देने से नाराज किसानों ने डीएम को सम्बोधित पत्रक एसडीएम पिंडरा को दिया। मंगलवार को दर्जनो की संख्या में सुबह पिंडरा तहसील पहुँचे और एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के तहत ली जा रही भूमि का मुआवजा वर्तमान दर से देने की मांग की। जिससे किसानों को न्याय मिल सके। इस दौरान किसानों ने अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर पत्रक एसडीएम पिंडरा को सौंपा। इस दौरान कर्मी, बैकुंठपुर, मंगारी व रघुनाथपुर के दर्जनों किसान रहे। जिसमे प्रमुख रूप से उमेश चंद, सेचन पटेल, अमित पाठक,देवेंद्र प्रताप मिश्र रहे।

### प्राथमिक विद्यालय नेवादा में अध्यापकों के साथ दुर्व्यवहार



प्रखर चिरईगाव वाराणसी। प्राथमिक विद्यालय नेवादा चिर ईगाव मे आज गांव के कुछ लोग विद्यालय परिसर में घुसकर अध्यापिकाओं से दुर्व्यवहार किया उन्हें गाली गलौज दिये तथा अध्यापकों को मारा जिसके कारण अध्यापकों को चोट आई है। विद्यालय में बच्चों को भय व्याप्त हो गया। जिसकी जानकारी संगठन के अध्यक्ष ज्योति भूषण पाण्डेय ने बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी को दिया।और एक प्रार्थना पत्र थाने पर दिया गया। मारपीट करने वाले राजीव रंजीत अरूण पनारू मोहन आदि लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### जनपद के भू-माफिया के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करें : डीएम



प्रखर जौनपुर । जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में कर-करेत्तर, राजस्व कार्यो एवं एंटी भू-माफिया की मासिक समीक्षा बैठक सोमवार देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने परिवहन, आबकारी, विद्युत, व्यापार कर, खनन, बाट एवं माप, स्टाम्प, नगर निकाय सहित अन्य विभागों के राजस्व वसूली की समीक्षा किया तथा लक्ष्य के सापेक्ष कम राजस्व वसूली वाले विभागों को प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग, आबकारी विभाग की समीक्षा के दौरान लक्ष्य के सापेक्ष अत्यन्त कम वसूली करने पर प्रवर्तन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बिक्री कर विभाग को निर्देश दिया कि राजस्व को बढ़ाने के लिए सम्बन्धित को आर सी की नोटिस दी जाए। स्वामित्व योजना व रियल टाइम खतौनी के संदर्भ में जिलाधिकारी ने कहा कि लेखपालों की सहायता से इसके काम में प्रगति लाते हुए शीघ्र पूर्ण कराया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने वरासत की प्रगति के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत शेष कृषको के भुगतान जो किन्ही कारणों से लंबित है उसका तत्काल निराकरण कर भुगतान सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिये। उन्होंने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि ईट-भट्ठो पर वसूली के कार्य में तेजी लाए और नगर पालिका के द्वारा प्रवर्तन के कार्य किये जायें। खनन एवं परिवहन के आरसी के लिए अभियान चलाए जाए। पत्थरगड्डी उखाड़ने वालो पर कड़ी कार्यवाही की जाए और एक समिति बनाकर चकरोड़ और पत्थरगड्डी तोडने वाले से सम्बन्धित 10-10 मामले चिन्हित करते हुए कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के भू-माफिया के खिलाफ सख्ती बरता जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चौहान, अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व गणेश प्रसाद सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी सहित अधिशासी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### ग्राम पंचायत में बने पंचायत भवन का लोकार्पण

जौनपुर। मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम द्वारा सोमवार को बक्शा ग्राम पंचायत में बने पंचायत भवन का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण पश्चात सीडीओ ने परिसर में वृक्षारोपण भी किया। अपने संबोधन के दौरान सीडीओ ने कहा कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ एक ही छत के नीचे पंचायत भवन पर मिलेगा। उन्होंने कहा कि अब इसी स्थल पर कुटुंब रजिस्टर नकल, खतौनी के अलावा विकास की समस्त योजनाओं की जानकारी जहां उपलब्ध हो सकेगी वही पिकेट पर तैनात पुलिसकर्मी की सेवा भी उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बक्शा ग्राम श्रीमती इसरावती देवी के कार्य की सराहना करतें हुए कहा कि यह अन्य ग्राम प्रधानों के लिए नजीर बनेगी। उन्होंने कार्यक्रम में अन्य गांव के मौजूद ग्राम प्रधानों से भी हाथ उठवाकर बेहतरीन कार्य करने की बात कही।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वाचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं